श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 242, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 28 सितंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

**कई राज्यों से संदिग्ध गिरफ्तार, पीएफआई की उल्टी गिनती शुरू, सरकार संसद सत्र से पहले संगठन पर बैन लगा सकती है**

# पीएफआई पर फिर एनआईए का एक्शन

**नई दिल्लीः** 16 साल का पीएफआई यानि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया। विस्तार 23 राज्यों तक। दावा- सोशल वर्क का, लेकिन देश के अलग-अलग हिस्सों की रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस संगठन का हत्या से लेकर दंगों तक नाम आया। 5 दिन पहले एनआईए और ईडी ने मिलकर 11 राज्यों में छापेमारी की। इसमें 106 लोग गिरफ्तार हुए। पूछताछ में इनसे लिंक के आधार पर मंगलवार सुबह से 8 राज्यों में एनआईए ने लोकल पुलिस को लेकर फिर से एक्शन लिया है। अब तक 150 से ज्यादा लोग पकड़े जा चुके हैं। छापेमारी चल रही है।

**हर राज्य का मिशन अलग, पर सब एक दूसरे से कनेक्टः** एनआईए की छापेमारी में मिले दस्तावेजों और संदिग्ध लोगों से पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि हर राज्य के लिए पीएफआई का एक अलग मिशन था, लेकिन ट्रेनिंग लेकर आए लड़कों को हर मिशन से कनेक्ट करके रखा गया था।

**बहार में हथियार-फंडिंग के लिए नेपाल बॉर्डर का इस्तेमालः** बिहार में पटना के फुलवारी शरीफ के पीएफआई के दफ्तर में एनआईए और ईडी की छापेमारी हुई। यहां से मिले दस्तावेजों से पता चला कि भारत को 2047 तक इस्लामिक राष्ट्र बनाने की साजिश रची जा रही थी। नेपाल बॉर्डर के आसपास के इलाकों को ट्रेनिंग के चुना गया था। बॉर्डर का इस्तेमाल फंडिंग और हथियारों के लिए किए जा रहा था। ईडी और एनआईए की अभी जांच चल रही है।

**राजस्थान को बनाया आतंक का सॉफ्ट टारगेट, 'सिर तन से जुदा' का मॉड्यूल शुरू कियाः** राजस्थान में युवाओं को हिंसा फैलाने, हिंदू समर्थकों या मजहब के खिलाफ बोलने वालों को सबक सिखाने की ट्रेनिंग दी गई। एनआईए ने कोटा और बारां से कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। बारां से सादिक हुसैन नाम के शख्स को हिरासत में लिया गया। सादिक हुसैन एसडीपीएफआई का जिला सचिव है। उससे पूछताछ हुई, तो अजमेर के ब्यावर और सरवाड़ में बड़े नेटवर्क का पता चला। उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड में





पीएफआई के शामिल होने की बात भी सामने आई। सिर तन से जुदा करने के एजेंडे के तहत ही हत्या की गई और वीडियो जारी किया गया।

**मध्य प्रदेश को बनाया ट्रेनिंग सेंटर, पढ़े-लिखे युवाओं को प्रशिक्षण दिया गयाः** उज्जैन और इंदौर से गिरफ्तार लोगों से पूछताछ में पता चला कि देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए युवाओं 40 हजार तक की सैलरी में प्रोफेशनल्स और ग्रेजुएट को भर्ती किया गया। एनआईए और एमपी एटीएस ने इंदौर और उज्जैन से पीएफआई के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अब्दुल करीम बेकरी वाला निवासी इंदौर पीएफआई का प्रदेश अध्यक्ष है, अब्दुल खालिद निवासी इंदौर पीएफआई का जनरल सेक्रेटरी है, मोहम्मद जावेद निवासी इंदौर पीएफआई का प्रदेश कोषाध्यक्ष है, जमील शेख निवासी उज्जैन पीएफआई का प्रदेश सचिव है। इनके पास से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, देश विरोधी दस्तावेज और डिजिटल दस्तावेज बरामद हुए। मध्य प्रदेश के 25 जिलों में इनका नेटवर्क है। इसमें 5 जिले श्योपुर, बुरहानपुर, इंदौर, उज्जैन, खंडवा जिले हॉट स्पॉट हैं। हिंसा फैलाने में मुख्य साजिशकर्ता इमरान मीटिंग और ट्रेनिंग करवाता था।

**पीएफआई को बैन करने की तैयारी**

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जांच एजेंसियां तो उसके खिलाफ ऑपरेशन ऑक्टोपस चला ही रही हैं, सरकार ने भी संगठन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर ली है। यह फैसला पार्लियामेंट के विंटर सेशन तक लिया जा सकता है। संसद सत्र नवंबर या दिसंबर में शुरू होगा। पीएफआई पर टेरर फंडिंग से देश के कई शहरों में दंगे फैलाने और हत्याओं का आरोप है। केंद्र सरकार इसे प्रतिबंधित करने से पहले संगठन के बड़े पदाधिकारियों पर शिकंजा कसना चाह रही है। वह उनके फाइनेंशियल सोर्स ब्लॉक करना चाहती है। यही वजह है कि एनआईए के साथ ईडी भी इस रेड में शामिल है। केंद्रीय जांच एजेंसी से जुड़े सूत्र ने बताया कि सिर्फ देश ही नहीं, मिडिल ईस्ट देशों में भी सुरक्षा एजेंसी एक्टिव हैं। आने वाले वक्त में ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत विदेशों से भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## पीएफआई पर दो तरीके से लग सकता है प्रतिबंध

**सूत्रों के** मुताबिक, पीएफआई को सरकार दो तरीके से प्रतिबंधित कर सकती है। पहला तरीका है गृह मंत्रालय सीधे इसे कुछ साल के लिए प्रतिबंधित घोषित कर दे और फिर बैन धीरे-धीरे बढ़ाया जाए। दूसरा तरीका यह है कि अदालत से इसे प्रतिबंधित घोषित करवाया जाए। बैन लगाने के बाद कोर्ट में सबूतों की कमी से पीएफआई फायदा न उठा ले, इसलिए जांच एजेंसियां पहले से पुख्ता सबूत जुटा लेना चाहती हैं। यही वजह है कि पकड़े गए ज्यादातर लोगों के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की फोरेंसिक जांच करवाई जा रही है।

हमें निशाना बनाया जा रहा: पीएफआई

अपने खिलाफ एक्शन के बाद पीएफआई ने सोशल मीडिया पर पक्ष रखा। उसने कहा कि प्रिवेंटिव कस्टडी के नाम पर पीएफआई शासित राज्यों में बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां हो रही हैं। यह और कुछ नहीं, बल्कि पीएफआई को निशाना बनाने की केंद्र सरकार की कोशिश है। इस तरीके से लोकतांत्रिक विरोध के अधिकार को रोका जा रहा है। प्रिवेंटिव कस्टडी का मतलब किसी व्यक्ति को इसलिए गिरफ्तार करना कि भविष्य में वह कोई बड़ी वारदात कर सकता है।

# खत्म नहीं हो रहा राजस्थान कांग्रेस का रार!

**जयपुरः** राजस्थान कांग्रेस में सीएम कुर्सी को लेकर दो दिनों से मचे घमासान के बीच मंगलवार को सचिन पायलट दिल्ली पहुंच गए हैं। पायलट ने सोनिया गांधी से बात की है और कहा है कि गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ते हैं तो वह राजस्थान सीएम का पद छोड़ें, लेकिन खुद सचिन पायलट ने ट्वीट कर इसे गलत खबर बताया।

**गहलोत गुट के विधायकों के रवैये से सोनिया नाराजः** राजस्थान के सियासी संकट को हाईकमान ने गंभीरता से लिया है। रविवार शाम को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बहिष्कार और उसके बाद हुए घटनाक्रम को अनुशासनहीनता माना गया है। कांग्रेस की कार्यकारी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताई है। इससे पहले, सोनिया गांधी के निवास 10 जनपथ पर मंगलवार सुबह पार्टी के बड़े नेता पहुंचे। इसमें अंबिका सोनी, गिरिजा व्यास, राजीव शुक्ला जैसे नेता शामिल हैं। ऑब्जर्वर बनकर जयपुर आए मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन आज अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे। इस रिपोर्ट पर सोनिया गांधी बैठक करेंगी। माना जा रहा है कि राजस्थान संकट को लेकर आज बड़ा एक्शन लिया जा सकता है। इससे पहले सोमवार शाम को सोनिया गांधी के आदेश के बाद अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूरे घटनाक्रम पर लिखित रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके खेमे के तीन मंत्रियों और कुछ विधायकों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल और सरकारी मुख्य सचेतक और जलदाय मंत्री महेश जोशी के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है।




## सामूहिक इस्तीफों से पार्टी की छवि खराब

**रिपोर्ट** में लिखा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक मंत्रियों और विधायकों के विधायक दल की बैठक के बहिष्कार और इस्तीफे के प्रकरण से पार्टी की छवि खराब हुई है। इसके जरिए पार्टी के वर्षों से जारी परिपाटी को चुनौती दी गई है। इस घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की सिफारिश की गई है

**मुख्य सचेतक महेश जोशी बोले- नोटिस का जवाब देने को तैयारः** कांग्रेस के मुख्य सचेतक और बगावत के मुख्य किरदारों में से एक माने जा रहे महेश जोशी ने कहा- यदि आलाकमान नोटिस देता है तो मैं जवाब देने को तैयार हूं। कोई सजा देगा तो वह भी भुगत लूंगा। किसी विधायक को जबरन यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के घर नहीं बुलाया गया था। आलाकमान की इच्छा के आगे सब नतमस्तक हैं।

अजय माकन और खड़गे की रिपोर्ट में रविवार और सोमवार के घटनाक्रम का फैक्चुअल ब्योरा देने के साथ विधायक दल की बैठक के पैरेलल शांति धारीवाल के घर बैठक बुलाने को हाईकमान के आदेशों और पार्टी की स्थापित परंपरा का उल्लंघन मानते हुए एक्शन लेने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में इस घटना को कांग्रेस हाईकमान को सीधी चुनौती और अनुशासन तोड़कर पार्टी की छवि खराब करने वाला बताया है।

**सीएम से पूछकर बैठक रखी, लेकिन गहलोत समर्थक विधायक नहीं पहुंचेः** रिपोर्ट में लिखा है कि विधायक दल की बैठक रविवार शाम 7 बजे सीएम निवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सलाह करके तय की गई थी। हम बैठक के लिए वहां देर रात तक इंतजार करते रहे, लेकिन मुख्यमंत्री के समर्थक विधायक नहीं पहुंचे। विधायक दल की बैठक में आने की जगह गहलोत समर्थक विधायक संसदीयकार्य और वऊल्ल मंत्री शांति धारीवाल के घर बैठक करके हाईकमान को ही चैलेंज करने लगे।

**सोनिया गांधी को रिपोर्ट मिलने के बाद होगी एक्शन की शुरूआत**

सोनिया गांधी, अजय माकन की रिपोर्ट पर चर्चा करेंगी। रिपोर्ट के आधार पर कुछ मंत्रियों और विधायकों पर एक्शन लिया जा सकता है।

# अंकिता मर्डरः 'रिसॉर्ट में लड़कियां लाता था पुलकित'

**मेरठः** उत्तराखंड में 19 साल की अंकिता भंडारी की हत्या को लेकर रिसॉर्ट में काम कर चुकी पूर्व महिला कर्मचारी ने बड़ा खुलासा किया है। उसका कहना है कि रिसॉर्ट का मालिक पुलकित आर्य और अंकित गुप्ता लड़कियों से बदसलूकी करते थे। पूर्व कर्मचारी ने कहा, 'मैंने वनंतरा रिसॉर्ट मई में जॉइन किया था, लेकिन जुलाई में नौकरी छोड़ दी थी। पुलकित आर्य और अंकित गुप्ता रिसॉर्ट में लड़कियां लाते थे, वहां वीआईपी भी आते थे। वहां बहुत घिनौनी हरकतें होती थीं।'

**लड़के-लड़कियों के नाम तक रजिस्टर नहीं होते थेः** देहरादून की रहने वाली इस पूर्व महिला कर्मचारी ने बताया कि मैं वहां फ्रंट ऑफिस में रीसैप्शनिस्ट थी। पूर्व मंत्री विनोद आर्य का बेटा पुलकित आर्य लड़कियों के साथ गंदी हरकतें करता था। उन्हें गंदी गालियां भी देता था। रिसॉर्ट में संदिग्ध लड़के-लड़कियां आते थे।



**शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में जापान पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले फुमियो किशिदा**

# 'भारत-जापान द्विपक्षीय रिश्तों को करेंगे मजबूत'

**टोक्योः** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा तमाम वैश्विक मसलों पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ काम जारी रखना चाहते हैं। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंतिम संस्कार के लिए जापान पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री से बातचीत के दौरान जापानी प्रधानमंत्री ने भारत के साथ रिश्तों को और मजबूत करने की बात कही। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी जापान की संक्षिप्त यात्रा समाप्त कर भारत लौट गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में भाग लेने जापान पहुंचे मोदी ने अपने जापानी समकक्ष किशिदा से बातचीत की। इसके बाद जापानी प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि किशिदा ने पूर्व प्रधानमंत्री आबे की राजनयिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत निर्माण के लिए प्रधानमंत्री मोदी के साथ काम करना जारी रखने का इरादा जताया। उन्होंने कहा कि यह वर्ष भारत और जापान के राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ होने के कारण महत्वपूर्ण है। अगला वर्ष जापान और भारत जी-7 व जी-20 समूहों की अध्यक्षता के साथ दोनों देशों के लिए रिश्तों की मजबूती का अवसर प्रदान करेगा। इधर, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की विरासत प्रधानमंत्री मोदी और किशिदा की प्रतिबद्धता भारत-जापान साझेदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।



# आशा पारेख को मिलेगा वर्ष 2020 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

**नई दिल्लीः** सिने अभिनेत्री आशा पारेख को दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2020 से सम्मानित किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। 68 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 30 सितंबर को आयोजित होंगे जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समारोह की अध्यक्षता करेंगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि दादासाहेब फाल्के चयन जूरी ने आशा पारेख को भारतीय सिनेमा में उनके अनुकरणीय जीवन भर के योगदान के लिए मान्यता और पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 52वें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय पांच सदस्यों की जूरी द्वारा लिया गया है जिसमें आशा भोसले, हेमा मालिनी, पूनम ढिल्लों, टी. एस. नागभरण और उदित नारायण हैं।



**महाकाल कॉरिडोर का नाम श्री महाकाल लोक होगा**

# पीएम मोदी उज्जैन में अमृत सिद्धि योग में करेंगे उद्घाटन

**उज्जैनः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकाल कॉरिडोर का लोकार्पण अमृत सिद्धि योग में करेंगे। 11 अक्टूबर मंगलवार की शाम 6.30 बजे अश्विनी नक्षत्र होने से विशेष योग बन रहा है। इसे विशेष फलदायी माना जा रहा है। इससे पहले पीएम मोदी ने यूपी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण रेवती नक्षत्र में किया था। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का भूमिपूजन भी अभिजीत मुहूर्त में किया था। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान राम का जन्म इसी मुहूर्त में हुआ था।

महाकाल कॉरिडोर का नाम महाकाल लोक होगा। उज्जैन में मंगलवार को पहली बार हो रही प्रदेश कैबिनेट मीटिंग में इस नाम पर सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता भगवान महाकाल कर रहे हैं। बैठक में मुख्य सीट पर बाबा महाकाल की तस्वीर रखी गई। तस्वीर के दाएं-बाएं मुख्यमंत्री और मंत्री बैठे मुख्यमंत्री ने शिवराज ने कहा, देश में पहले से चारधाम है, इसलिए उज्जैन का नाम उज्जैन धाम के स्थान पर महाकाल लोक किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा, महाकाल पुलिस बैंड में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी, इसके लिए 36 नवीन पद स्वीकृत किए जाएंगे। शिप्रा नदी को साबरमती लेक फ्रंट की तरह विकसित किया जाएगा। शिप्रा नदी में जल प्रवाह बना रहे, इसके लिए नवीन जल संरचनाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने उज्जैन हवाई पट्टी के विस्तार की बात भी कही।



# शिवसेना विवाद में उद्धव को तगड़ा झटका

**सुप्रीम कोर्ट ने पार्टी पर शिंदे गुट के दावे को लेकर चुनाव आयोग की कार्यवाही से रोक हटाई**

**नई दिल्लीः** शिवसेना विवाद में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से एकनाथ शिंदे गुट को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बेंच ने पार्टी पर शिंदे गुट के दावे को लेकर चुनाव आयोग की कार्यवाही पर लगी रोक हटा दी है। अब आयोग शिवसेना के चुनाव चिह्न पर फैसला कर सकता है। यह उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि उद्धव ने इस मामले में विधायकों की योग्यता का फैसला होने तक इलेक्शन कमीशन की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। उद्धव की याचिका पर सुनवाई करते हुए 23 अगस्त को जस्टिस एनवी रमना की बेंच ने केस संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर करते हुए चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जस्टिस रमना ने कहा था कि संवैधानिक बेंच यह तय करेगी कि आयोग की कार्यवाही जारी रहेगी या नहीं।



## खबर संक्षेप

### आज काव्य संध्या में महफिल सजाएंगे हास्य और श्रृंगार रस के रचनाकार

**शंकरगढ़।** हिंदी को समृद्ध करने के उद्देश्य से मनाए जा रहे हिंदी पखवाड़ा के तहत 28 सितंबर को काव्य संध्या समारोह 2022 का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए संतोष त्रिपाठी ने बताया कि काव्य संध्या समारोह का आयोजन कैंब्रिज हाईस्कूल एंड इंटर कालेज, पंखा टोला में किया जाएगा। बताया कि इस काव्य संध्या समारोह के आयोजक कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज, एनएसके इंटर कालेज शंकरगढ़ हैं। इस आयोजन में हास्य कवि बिहारीलाल अंबर, शिवशंकर शरारती, श्रृंगार रस के कवि डा. रंजीता स्मृद्धि, गीतकार डा. पीयूष मिश्र, मोबस्सिर फूलपुरी, अजय प्रेमी, शिवनरेश भारती और विपिन बिहारी त्रिपाठी काव्य पाठ कर हिंदी को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। दोपहर दो बजे से होने वाले इस आयोजन के संयोजक सौरभ प्रकाश, सुधीर कुमार नागरे और धर्मराज कुशवाहा ने संयुक्त रूप से क्षेत्रवासियों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधान एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के साथ संयुक्त शैक्षिक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

### बेसिक शिक्षा सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्राम प्रधान प्रधानाध्यापक एवं प्रबंध समिति अध्यक्ष का आपस में तालमेल होना आवश्यक : बीएसए

अखंड भारत संदेश


कार्यक्रम में संबोधित करते बी एस ए प्रवीण तिवारी


कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान व शिक्षक

**सैदाबाद।** विकासखंड के माधुरी गेस्ट हाउस में ग्राम प्रधानों, स्थानीय प्राधिकारी सदस्यों तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सचिव का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्य शाला का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सैदाबाद अखिलेश यादव द्वारा किया गया जिसमें विकासखंड सैदाबाद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तथा सभी 93 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान आमंत्रित थे जिसके द्वारा विद्यालय में हो रहे कायाकल्प के कार्य विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा तालमेल बनाकर विद्यालय के भौतिक परिवेश एवं शैक्षिक प्रगति के बारे में प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख सैदाबाद द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बेसिक शिक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्राम प्रधान विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष का आपस में अच्छा तालमेल होना बहुत आवश्यक है जिससे विद्यालय में अच्छी शिक्षा दी जा सके उन्होंने सैदाबाद के शिक्षकों की तारीफ किया और यह भरोसा किया कि सैदाबाद के शिक्षक निपुण लक्ष्य की प्राप्ति कर प्रयागराज का गौरव बढ़ाएंगे ब्लाक प्रमुख सैदाबाद ने विद्यालय कायाकल्प में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। खंड शिक्षा अधिकारी सैदाबाद द्वारा ग्राम प्रधान बजहा मिश्रान कृष्णानंद तिवारी ग्राम प्रधान गढ़वा की श्रीमती रीता देवी तेलिया तारा के चंद्रशेखर यादव सहित 10 ग्राम प्रधानों को विद्यालयों में अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया । इसी तरह प्रा0 विद्यालय हकीम पट्टी के प्रधानाध्यापक राजेश मिश्रा इरम मिनहाज प्राथमिक विद्यालय गढ़वा की मरहबा अमीन उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय मन्सूर के नरेंद्र द्विवेदी प्राथमिक विद्यालय चक जलील की डॉ प्रियंका चंद दरिया पट्टी के मयंक तिवारीअनिता साहू सहित कुल 15 शिक्षकों को विद्यालयों में अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी एडीओ पंचायत सैदाबाद प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार तिवारी समाजसेवी उन्मुक्त त्रिपाठी डॉ प्रमोद तिवारी प्रधान संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव एआरपी गीता तिवारी आलोक श्रीवास्तव अशोक मौर्या बालक दास सतीश तिवारी महेश तिवारी अरुण त्रिपाठी कमल पांडे श्रद्धा श्रीवास्तव सहित समस्त प्रधानाध्यापक विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### पीपीजीसीएल पुलिया के पास नहर में मिला शव कपड़ों के आधार पर हुई शिनाख्त



**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के पीपीजीसीएल के पास नहर में एक शव पाया गया बारा और शंकरगढ़ की सीमा पर होने के कारण दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई जांच पड़ताल के बाद शव को नहर के पानी से बाहर निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक बारा कमलेश कुमार ने बताया शव काफी सड़ चुका था इस वजह से पहचान काफी मुश्किल थी लेकिन उसके कपड़ों के आधार पर और स्थानीय लोगों की तस्दीक पर पहचान हो गई मृतक का नाम राजकुमार उर्फ बिगड 36 वर्ष है। वह सीमावर्ती थाना क्षेत्र शंकरगढ़ के गोरखा बेमरा का निवासी है पिछले 4 दिनों से वह लापता था सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने शव की पहचान की पूछताछ में परिजनों ने बताया की राजकुमार को मिर्गी की बीमारी थी वह काफी मात्रा में भांग का भी सेवन करता था फिलहाल बारा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया

### मेला मैदान से अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवाया



**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम घीनपुर के दमोदरपुर मजरा घीनपुर स्थित मेला मैदान में पिछले 32 वर्षो से अवैध रूप से ग्रामीणों द्वारा किये गए अतिक्रमण को राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी हटवा दिया गया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दमोदर माजरा घीनपुर में स्थित मेला मैदान पर 32 वर्षो से हुए अवैध अतिक्रमण को लेकर लगातार उच्च अधिकारियों से शिकायत की जा रही थी ।लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई थी । मंगलवार को उच्च अधिकारियों के निर्देशन में राजस्व व पुलिस प्रशासन टीम की उपस्थिति में अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया । अवैध रूप से मकान निर्माण करने वालो में उक्त गांव के रामधन पुत्र ननकू, रामचंद्र पुत्र रामखेलावन, राम पूजन पुत्र रामनरेश ,शिव पत्ती पत्नी राजकुमार, अवधेश नारायण पुत्र ननकू, राम पूजन पुत्र जवाहर लाल ,सूरज दीन पुत्र राम सुमेर ,रामबहादुर पुत्र ननकू पर जुमार्ना भी लगाया गया है।

### जानवरों को बचाने में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के जलालपुर हाइवे पर आवारा जानवर को बचाने में अनियंत्रित होकर पलटी ट्रक चालक सुरक्षित। आपको बताते चले एक ट्रक जो मुरादाबाद से परचून का सामान लादकर धनवाद के लिए जा रही थी जैसे ही ट्रक सोमवार रात जलालपुर गांव के पास पहुची की अचानक आवारा जानवरो का झुंड सामने आने से ट्रक चालक जाकिर हुसैन ट्रक को लेकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पुल में जाकर ट्रक फस गयी। और वही रुक गयी जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

### फरार चल रहे दुष्कर्म आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार , जेल



**रत्योरा।** खीरी पुलिस ने 2 वर्ष से फरार चल रहे दुष्कर्म के एक आरोपी को थाना क्षेत्र के टोंगा पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञातव्य हो कि मोहम्मद आमिर कुरैशी पुत्र मोहम्मद हारून कुरैशी निवासी ग्राम खीरी थाना खीरी दुष्कर्म के मामले में आरोपी था, जो 2 वर्ष से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। मुखबिर खास की सूचना पर मंगलवार को थाना प्रभारी अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक भप्पी सोनी, कांस्टेबल विमल कुमार, कांस्टेबल शिव कुमार शामिल रहे।

### आदर्श रामलीला कमेटी खोजापुर वरुणा की बैठक सम्पन्न

**प्रतापपुर।** आदर्श रामलीला कमेटी खोजापुर वरुणा के तत्वाधान में गांव में प्रतिवर्ष ऐतिहासिक रामलीला का मंचन किया जाता है इस वर्ष भी यह मंचन 7 अक्टूबर से प्रारंभ होगा जिसके कुशल संचालन हेतु नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अरविंद तिवारी अध्यक्ष, सचिन तिवारी एडवोकेट उपाध्यक्ष, रमेश चंद्र तिवारी संयोजक, भुलेश्वर नाथ तिवारी ग्राम प्रधान संरक्षक, बासु चंद तिवारी कोषाध्यक्ष, मनोज तिवारी सचिव, जितेंद्र यादव महामंत्री, राजित राम यादव मंत्री, संदीप तिवारी व बालकृष्ण शुक्ला निर्देशक, दीपक तिवारी उपसचिव, बुदुल तिवारी व चंदन शुक्ला को व्यवस्थापक बनाया गया है।यह जानकारी कमेटी के उपाध्यक्ष सचिन तिवारी एडवोकेट ने दिया है।

### राम जन्म लीला का किया गया मंचन

**हनुमानगंज।** कोटवा स्थित कृष्णगढ़ रामलीला कमेटी द्वारा मंगलवार को श्री राम जन्म लीला का मंत्र मुक्त मंचन किया गया। शुक्रवार को पं. दीनानाथ शुक्ल विधि विधान से भूमि पूजन कराते है जिसके बाद राम लीला का आरम्भ होता है। गुरु वशिष्ठ के कहने पर राजा दशरथ संतानोत्पत्ति के लिए यज्ञ करते है। शृंगी ऋषि यज्ञ कराते हैं। जिसके बाद फिर बच्चों के रोने की आवाजें सुनाई देती हैं और खुशी का संगीत बजने लगता है। अगले दृश्य में रामजन्म के समाचार से राजा दशरथ सहित संपूर्ण अयोध्या में खुशी छा जाती है। सुमंत महाराज दशरथ को बताते हैं कि महाराज प्रजा में हर्ष व्याप्त है लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। प्रजावासी नाचते गाते हैं। अवधपुरी में आनंद हुआ है। राजकुमारों का जन्म हुआ है घर घर दीप जले मंगल द्वार सजे गीत संगीत मंत्रमुग्ध करने वाला होता है। मंचन के दौरान फूलचंद बाजपेई, आमोद सिंह, विमल बाजपेई, अंशुमान सिंह, गोलू, शनि सिंह, राहुल दुबे, अंकुल, हिमांशू आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## बजती लठकहा देवी पंडाल में पूजन अर्चन किया गया



**प्रतापपुर।** परम पूज्य नव दुर्गा पूजा समिति बजती लठकहा मे नवरात्र के प्रथम दिवस पर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापना एवं मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इसके बाद भक्तों द्वारा पूजन अर्चन आरती किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजय जायसवाल, पंडाल अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, संस्थापक संजय जायसवाल, उप संस्थापक राम जायसवाल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार गोंड, उप कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र जायसवाल तथा सहयोगियों में युवराज सिंह, शुभम जायसवाल, आर्यन, घनश्याम सहित तमाम भक्तगण लोग मौजूद रहे।

### खानपुर, डांडी गांव में पूजन अर्चन आरती से क्षेत्र भक्ति मय



**प्रतापपुर।** नव युवा दुर्गा पूजा समिति खानपुर डांडी पटेल नगर उग्रसेनपुर में मां दुर्गा का भव्य पंडाल लगाया गया है। आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से सुबह-शाम पूजन अर्चन आरती कराया जा रहा है जिसमें भक्तों द्वारा पूजन अर्चन आरती किया जा रहा है। पूरा क्षेत्र देवी गीत पचरा, आरती, से भक्तिमय हो गया है। पूजन अर्चन आरती में अनिल कुमार, राजीव कुमार, शिवकुमार, रमेश कुमार, ज्ञानचंद्र, कृष्णा प्रसाद, केदारनाथ, श्याम कृपाल, सूबेदार, अच्छे लाल पटेल, देवी प्रसाद, राकेश प्रताप, गंगा प्रसाद, जगत सहित तमाम ग्रामवासी मिलकर मां दुर्गा का भव्य पंडाल लगाकर पूजन व आरती एवं झांकी कार्यक्रम कर रहे हैं।

# देवी मंदिरों में भक्तों की रही भीड़, घरों में हो रही उपासना

अखंड भारत संदेश


माता के मंदिर में मां भगवती का पूजन कराते आचार्य दिनेश चन्द्र तिवारी।

**सहसों।** क्षेत्र में नवरात्रि के दूसरे दिन स्थानीय देवी मंदिरों में भक्त नर नारियों की भारी भीड़ रही क्षेत्र के दुर्गा पंडालों और घरों में सोमवार को कलश स्थापना के बाद नवरात्रि का पूजन, दीप, धूप, आरती इत्यादि कर साधना उपासना में भक्त तल्लीन हैं । राम जानकी मंदिर सहसों बाजार सहित क्षेत्र के देवी मंदिर रामनाथ पट्टी, माता चौरा इनायतपुर, माता मसूरियन देवी मंदिर चकिया घरहरा, दुर्गा मंदिर ललचहां, माता चौरा समया माई मंदिर नीवी गारापुर में देवी मां के भक्त नर नारियों की भारी भीड़ रही। सुबह से ही देवी मंदिरों में मां के जयकारे होने के साथ गांव में स्थापित पूजा पंडालों में माता की मूर्ति व कलश स्थापना के बाद भक्तों ने नवरात्रि के नौ दिन के पूजन व आरती आराधना में सच्चे साधक के रूप में लग गए हैं। इस शारदीय नवरात्रि के पहले दिल से ही भक्तों द्वारा आधुनिक वाद्य यंत्रों से धार्मिक पूजा पाठ तथा भजन कीर्तन शुरू हो गया है। इसी प्रकार सहसों बाजार निवासी अनिल प्रकाश शुक्ल सपत्नीक परिवार समेत देवी नवरात्रि के इस पावन दिन के लिए संकल्प लेकर मां भगवती की मूर्ति एवं कलश स्थापना कर आचार्य विद्वान द्वारा देवी का विधि विधान से पूजन एवं देवी पाठ का अनुष्ठान कर रहे हैं। इस अवसर पर आचार्य पंडित दिनेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि मां दुर्गा की नौ रूप में मां का दूसरा शुरू ब्रम्हचारिणी का है मां जगदम्बा भगवान शंकर जी को प्राप्त करने के लिए अत्यंत कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी के नाम से भी अभिहित किया गया है। उन्होंने बताया कि जो भी साधक मां जगदंबा की तन, मन, सच्चे हृदय से उपासना, विधि विधान से पूजा पाठ, आरती इत्यादि करता है उसको मां जगदम्बा मनवांछित फल प्रदान करती हैं।


प्रधानमंत्री को बधाई पत्र लिखते भाजपाई

## पत्र के माध्यम से भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री को दी बधाई, की सराहना

**घूरपुर।** विश्व पटल पर भारत को नई पहचान दिलाने वाले देश के सर्वोच्च नेता हम सभी के प्रेरणा स्रोत प्रधानमंत्री जी को जन्मदिवस की बधाई देता हूं गरीब कल्याण सुशासन विकास राष्ट्र सुरक्षा व ऐतिहासिक सुधारों के समांतर समन्वय से प्रधानमंत्री जी ने मां भारती को पुनः सर्वोच्च स्थान पर आसीन करने के अपने संकल्प को धरातल पर चरितार्थ किया है। उक्त बातें आज जसरा में अयोजित शुभकामना हेतु पत्र लेखन कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कही। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के तहत आज मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने देश के प्रधानमंत्री को शुभकामना संदेश पत्र के माध्यम से भेजा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया व संचालन महामंत्री नीरज केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, राजा बाबू पाठक, जसरा प्रधान आशीष सोनकर, राम केसरवानी, आकाश केसरवानी, अमित पासी, शंकर लाल गुप्ता, वीरेंद्र पाठक, अंबुज त्रिपाठी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दबंगों का तालाबों पर कब्जा ग्रामीणों ने की उपजिलाधिकारी से खाली कराने की मांग

अखंड भारत संदेश







**रत्योरा।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा देवरी के तालाबों पर दबंगों द्वारा कब्जा करके मकान बना लिया है। जिससे लोगों को तालाब आने जाने में परेशानी हो रही है इस संबंध में ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी कोराव को दे कर तालाबों को दबंग के कब्जा से खाली कराने की मांग किया है । बताया जाता है कि ग्राम सभा देवरी में सरकारी तालाब है उक्त तालाब से लोग नहाने जाते हैं तथा मवेशी भी पानी पीते हैं परंतु तालाब के भीटो के चारों तरफ दबंग के द्वारा कब्जा करके मकान बना लिए हैं ।वहीं पर ट्रैक्टर खड़ा करते हुए भैंस बांधते तथा साग सब्जी भी लगाए हुए हैं। जिससे तालाब पर जाना दुर्लभ हो गया है इस संबंध में उमेश कुमार ने शिकायती प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को दिया गया था परंतु राजस्व निरीक्षक एवं हल्का लेखपाल को कार्यवाही के लिए निर्देश दिए थे। परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने जिले के उच्चाधिकारियों का ध्यान कोराव तहसील क्षेत्र के देवरी ग्राम सभा की ओर आकृष्ट कराते हुए अवैध कब्जा तालाब से हटवाने की मांग किया है।

# विद्यालय के प्रतिभावान छात्रों को किया गय सम्मानित

अखंड भारत संदेश



**रत्योरा।** गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव के सत्र 2021- 22 में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। परीक्षा पास करने वाले समस्त छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रूद्र नारायण बाजपेई द्वारा उनको प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। छात्रों का सफल मार्ग दर्शन करने वाले शिक्षक सुनील कुमार शुक्ल को प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रूद्र नारायण बाजपेई ने साल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने विद्यालय की प्रतिभाओं का आवाहन करते हुए उन्हें आगे बढ़ने में हर प्रकार का सहयोग देने की घोषणा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली ने बताया कि क्षेत्रीय प्रतिभाओ को निखारने का विद्यालय द्वारा सतत प्रयास किया जाता रहा है। जिस कड़ी में विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष बाजपेई द्वारा हम लोगों को समय-समय पर निर्देशित भी किया जाता रहा है। जिससे इस परीक्षा में बैठने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय की छुट्टी के बाद 2 घंटे के लिए निशुल्क पढ़ाने का कार्य सुनील कुमार शुक्ल सहायक अध्यापक द्वारा किया जाता है। जिनके मार्गदर्शन में इस परीक्षा की तैयारी कराई जाती है विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाओ के अथक परिश्रम के साथ छात्र छात्राओं को पढ़ाने का कार्य करते हैं। जिसके लिए सुनील कुमार शुक्ल सहित सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के 136 छात्र छात्राओं ने इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन किया था जिनमें से 126 छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण होकर विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्र छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक प्रति वर्ष रुपया 12000, चार वर्ष में कुल 48000 रुपए की धनराशि शासन द्वारा दी जाएगी। सम्मान समारोह का संचालन संस्कृत प्रवक्ता डॉ कमलेश त्रिपाठी ने किया। उन्होंने बताया कि गोपाल विद्यालय के छात्र छात्रा हमेशा से शिक्षा के क्षेत्र में अब अव्वल रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय में बृजेश श्रीवास्तव, पन्ना लाल श्रीवास्तव, गोविन्द मिश्रा, निखिल श्रीवास्तव, अरविन्द, बालमुकुंद मिश्र, अशोक यादव, विवेक उपाध्याय, नवीन दुबे, मुकेश कुमार, नीरज सोनी और विद्यालय के समस्त अध्यापक/अध्यापिका उपस्थित रहे।

### साहू समाज एजुकेशनल सोसाइटी का वार्षिकोत्सव दो अक्टूबर को

**मऊआइमा।** साहू समाज एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी मऊआइमा का वार्षिकोत्सव दो अक्टूबर को शान्तिपुरम में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी अध्यक्ष शंकर लाल साहू ने दी। आगामी दो अक्टूबर को साहू समाज एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी मऊआइमा का वार्षिकोत्सव शान्तिपुरम साहू बिल्डिंग पत्रकार चौराहा पर आयोजित किया गया है। अध्यक्ष शंकर लाल साहू ने बताया कि उसका उद्देश्य आर्थिक बचत सहयोग करके प्रत्येक सदस्यों एंव साहू बंधुओं की आर्थिक बचत एंव शिक्षा के क्षेत्र में विकास करना तथा साहू समाज के ऐसे बालक बालिकाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जिन्होंने इंटरमीडिएट सन 2022 परीक्षा में 60% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त साहू समाज के बालक बालिकाओं को अंक पत्र की फोटो कापी 30 सितम्बर तक साहू समाज के अध्यक्ष शंकर लाल साहू मऊआइमा को अवश्य रूप से उपलब्ध करा दें। वार्षिकोत्सव में मुख्य रुप से साहू समाज के अध्यक्ष शंकर लाल साहू ,महामंत्री राजू आईसक्रीम ,उपाध्यक्ष शिवगोविंद साहू एडवोकेट ,कोषाध्यक्ष दिलीप चन्द्र साहू ,मीडिया प्रभारी श्याम बाबू गुप्ता ,प्रसार मंत्री शंकर लाल गुप्ता ,प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ,उपमंत्री संतोष कुमार साहू ,शिक्षा मंत्री कृष्ण बाबू गुप्ता ,राम लाल गुप्ता संरक्षक रमाकांत साहू ,संरक्षक पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्या आदि भाग लेगें।

# गांव-गांव बनाए जा रहे अपना दल एस के सक्रिय सदस्य : अनिल सिंह

अखंड भारत संदेश



युवजन सभा के विधानसभा के अध्यक्ष अनिल कुमार पटेल प्रयागराज मंडल के सदस्यता प्रभारी पूर्व सांसद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव नागेंद्र सिंह पटेल से मुलाकात कर सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने एवं पार्टी को मजबूत करने आदि के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में विधानसभा अध्यक्ष संजय धनगर, जिला सचिव अबरार हुसैन, विधानसभा महासचिव प्रभाकर सिंह, सक्रिय सदस्य संदीप पटेल, अरुण सिंह उपस्थित रहे।

**रत्योरा।** अपना दल एस के वृहद सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी गांव गांव जाकर सक्रिय सदस्य बनाने की मुहिम चला रहे हैं। जिस मुहिम से भारी संख्या में ग्रामीण जुटकर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। यह बातें युवजन सभा के विधानसभा अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह उर्फ कमलाकर पटेल ने विधानसभा कोरांव के कई गांवों में सक्रिय सदस्यता अभियान चलाने के बाद कही। युवजन सभा के विधानसभा अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह उर्फ कमलाकर पटेल के नेतृत्व में मंगलवार को नगर पंचायत कोरांव समेत चांद खम्हरिया, खूंटा समेत कई गांवो में सदस्यता अभियान चलाकर दर्जन भर लोगों को पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया गया। जिन लोगों ने अपना दल एस पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की उनमें वार्ड नंबर 2 से सनी कुशवाहा, वार्ड नंबर 4 से इमरान अंसारी, वार्ड नंबर 10 से अमित कुमार सिंह, सूरज कुमार सिंह तथा शंकर लाल जायसवाल, गौरांग श्रीवास्तव शुभम केसरवानी शामिल हैं। इसी क्रम में

## खबर संक्षेप

### शांति भंग के अंदेशा में चार अभियुक्त का किया चालान

**हंडिया।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पाण्डेय द्वारा समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने एवम अपराध एवम अपराधियो पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गंगापार अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी हंडिया रामसागर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हंडिया धर्मेंद्र कुमार दुबे के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक लल्लन सिंह यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा शांति भंग के अंदेशा में चार अभियुक्त कमला शंकर उर्फ जय शंकर पुत्र मिनी लाल , कौशल उर्फ देवी शंकर , बृजेश कुमार पुत्र मिनी लाला , कमलेश यादव पुत्र भागौती प्रसाद यादव को धारा 151/107/116 सीआरपीसी के तहत किया गया चालान।

# जिलाधिकारी ने म्योहाल क्रीड़ा संकुल में चल रही तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को अमिताभ बच्चन स्पोटर्स काम्पलेक्स म्योहाल पहुंचकर स्वर्ण जयंती समारोह की चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने उद्यान अधिकारी को पेड़ों की कटिंग सुव्यस्थित ढंग से कराये जाने, नगर निगम को नियमित रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने, पीडब्लूडी को स्पोटर्स काम्पलेक्स के अंदर मरम्मतीकरण, रंगरोगन तथा जर्मन हेंगर का कार्य कराये



निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजय खत्री

जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, सिटी मजिस्टेट, पीडी ए0के0 मौर्या, डीडीओ भोलानाथ कनौजिया, क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी श्रीमती विमला सिंह, संदीप गुप्ता सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### वसीयत की गई जमीन को दूसरों ने बेंच लिया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में वसीयत की गयी जमीन को पड़ोस के दुसरे लोगो ने कागजात में हेराफेरी कर के तीन लाख में बेच दिया । पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। एडीजीपी के आदेश पर तीन के खिलाफ मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम जोगापुर निवासनीय पुष्पा देवी पत्नी राजेंद्र कुमार का आरोप है कि एक जमीन उसके बाबा राम सुन्दर ने राजेंद्र कुमार और रवीन्द्र कुमार के नाम वसीयत किए थे। जिसको पडोस की संतोषी देवी और उनके पुत्रों मुकेश कुमार एंव दिलीप कुमार ने कागजों में हेराफेरी ,कूटरचित कर के दूसरे के हाथ तीन लाख में बेच दिए।

पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुष्पा देवी ने तमाम स्थानों पर फरियाद लगाई। सुनवाई न होने पर पुष्प देवी ने एडीजीपी के यहां गुहार लगाई। एडीजीपी के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने संतोषी देवी ,उनके पुत्र दिलीप कुमार ,मुकेश कुमार के खिलाफ जालसाजी ,फ्राड आदि संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गोली कांड में घायल नत्थू कुशवाहा की इलाज के दौरान हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली गांव में बीस सितंबर की रात आठ बजे मुस्लिम समुदाय के दो गुट आपस में भिड़ गए और बात इतनी बढ़ गई कि एक पक्ष तैश में आकर दूसरे पक्ष के ऊपर अवैध तमंचे से फायर झोंक दिया। अवैध तमंचे से निकली गोली एक राहगीर के सिर में जा धसी। गोली लगने से राहगीर लहुलुहान होकर जमीन पर गिर गया और तड़पने लगा।सूचना मिलने पर हरकत में आई पूरामुफ्ती पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज हेतु एसआरएन हॉस्पिटल पहुंचाया जहां पर घायल व्यक्ति का गंभीर हालत में इलाज चल रहा था। एक सप्ताह जिंदगी और मौत से जूझता रहा गोली कांड में घायल व्यक्ति की मंगलवार की दोपहर इलाज के दौरान एसआरएन हॉस्पिटल में मौत हो गई। गोली कांड में घायल व्यक्ति की मौत हो जाने पर परिजन और रिश्तेदारों का रो - रोकर बुरा हाल है। हालांकि, पूरामुफ्ती पुलिस गोली कांड में शामिल आरोपियों को

**काजिम और ग्यास के बीच हुए विवाद में चली गोली से उजड़ गया नत्थू का परिवार**



पुलिस प्रशासन तथा जनता के बीच नोकझोंक

पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली उपरहार निवासी काजिम उर्फ अफजल और मरियाडीह निवासी ग्यास के बीच किसी बात को लेकर काफी दिनों से रंजिश चली आ रही थी। ग्यास बीस सितंबर के दिन बमरौली गांव भैंस खरीदने के लिए गया था और रास्ते में उसकी मुलाकात काजिम उर्फ अफजल से हो गई उक्त दोनों की नजर एक - दूसरे से टकरा गई जिसके कारण दोनों की कहासुनी हो गई।कहासुनी के दौरान काजिम उर्फ अफजल तैश में आ गया और अवैध तमंचा निकाल कर ग्यास के ऊपर फायर झोंक दिया। काजिम के तमंचे से गोली निकलते ही ग्यास झुक गया जिससे उसकी जान तो बच गई लेकिन उसी रास्ते से गुजर रहे बमरौली गांव निवासी नत्थू कुशवाहा उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र स्व केशव भगत के सिर में गोली जा धसी। सात दिन बाद इलाज के दौरान नत्थू कुशवाहा की मौत हो गई है।



घटना के बाद मृतक के घर लगी लोगों की भीड़

# मेजा के नेवढ़िया गांव मे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मेजा रोड।** मेजा के नेवढ़िया गांव मे युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सुचना पर पंहुची इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के नेवढ़िया गांव निवासी मनोज कुमार भारतीया (23) पुत्र स्वामी शरण सोमवार की बीती रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह काफी देर तक वह नही उठा तो परिवार के लोगों ने देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। परिवार के लोगों ने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो खिड़की से झांककर देखा तो मनोज फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। जिससे उनके होश उड़ गए। परिजनों ने जानकारी मेजा पुलिस को दी तो थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ पंहुच गए। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकलवायाऔर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनोज की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सीएचसी मेजा में आशा कार्यकत्रियों ने मानदेय को लेकर किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा के आशा कार्यकर्तियों द्वारा मानदेय न मिलने से नाराज प्रदेश एवं केन्द्र सरकार से पूर्व मे दिये गये 20 सूत्रीय मांग पत्र जरिये उपजिलाधिकारी मेजा द्वारा दिए जाने के बाद भी विभाग द्वारा भुगतान न किए जाने के कारण मंगलवार को दूसरी बार सी एच सी मेजा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।आशा बहुओं के तीखे तेवर और आर पार की लड़ाई देख अधीक्षक ने एक सप्ताह में भुगतान करने का आश्वासन दिया है। बता दें कि आशाओं ने अपनी मांगों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा की समस्त आशा कार्यकत्री व संगिनी को विगत मार्च- 2022 से विभिन्न मदों में कार्य करने हेतु प्रोत्साहन राशि आज तक निर्गत नहीं किया गया जिससे समस्त आशा कार्यकत्रियों के परिवार की आर्थिक स्थित बद से बदतर होती जा रही है उनके बच्चों का एडमीशन फीस के कारण नहीं हो पा रहा है उनके बच्चों का इलाज पैसे के अभाव में ठीक ढंग से नही हो पा रहा है यहाँ तक खुद आशा कार्यकर्ती भी पैसे के अभाव में अपना ख्याल ठीक ढंग से नहीं कर पा रही है एवं परिवार में अन्य समस्यायें विकराल रूप ले रही है।



आठ माह के मानदेय के सम्बन्ध मे आशा बहुओं द्वारा 23 अगस्त 2022 को जरिये उपजिलाधिकरी केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार से अपनी 20 सूत्रीय मांग पत्र व मानदेय निर्गत करने के संबंध में ज्ञापन दिया गया था। एस डीएम ने स्वयं मानदेय के सम्बन्ध में सामु0 स्वा 0 केंद्र मेजा जाकर अधीक्षक को निर्देशित किया था तथा आश्वस्त किया गया था कि एक सप्ताह में समस्त बकाया भुगतान सभी के खाते में निर्गत कर दिया जायेगा। लेकिन एक माह से ज्यादा बीत जाने के बाद भी आशा बहुओं का मानदेय भुगतान नहीं किया गया।पल्स पोलियो अभियान 18 अगस्त 22 का सभी आशाओं द्वारा बहिस्कार करने के निर्णय का संज्ञान होने पर सामु स्वा0 केंद्र मेजा के अधीक्षक स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, बी पीएम एवं बी ए एम द्वारा समस्त आशाओं को विश्वास में लेकर कि इस सप्ताह में समस्या का निस्तारण कर दिया जायेगा किन्तु पोलियो कार्यक्रम का कार्य कराने के पश्चात भी आज तक कोई भुगतान नही किया गया जिससे सभी आशा ठगी महसूस कर रही है एवं परेशान है।मंगलवार को सभी अपने समस्त कार्यों का तब तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया। जब तक उनको उनके द्वारा किये गये समस्त कार्यों का प्रोत्साहन राशि या भुगतान नहीं कर दिया जाता।आशा बहुओं ने अपनी समस्त मांगों व 6 माह के भुगतान के लिये उपजिलाधिकारी के माध्यम से जरिए अधीक्षक डाक्टर ओमप्रकाश सी एचसी अपनी बात शासन स्तर तक पहुँचाने के लिये दिया और अपेक्षा किया कि शासन स्तर से उसका निदान करने में सहयोग करेंगे।इस मौके पर प्रमुख रूप से कौशल्या श्रीवास्तव,तरन्नुम फातमा,रंजना शुक्ला,संध्या श्रीवास्तव,सुमन गुप्ता राधा सिंह,पूनम श्रीवास्तव,गीता शर्मा,रीता यादव,निर्मला विश्वकर्मा सहित कुल 89 आशा कार्यकर्त्री मौजूद रहीं।

## न्यूज झरोखा

### गंगा के संरक्षण व प्रबंधन मे योगदान देंगे युवा गंगादूत




**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय 50 गंगा दूतो का प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को राम दुलार पाल इंटर कॉलेज जैतवर्डीह , प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम में शुभारम्भ अवसर पर अतिथि के रूप में प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए जल स्वच्छता सहित जल संरक्षण व प्रबंधन मे युवाओ की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा की हमारे आस पास निकलने वाला दूषित जल व गंदगी आखिरी मे नाला व छोटी नदी के सहारे गंगा जी मे मिलते है , अपशिष्ट पदार्थ व अन्य गंदगी सीधे नदी मे न मिले और उसका प्रबंधन करना हम सब की साझी जिम्मेदारी है .इसी कड़ी मे मनसईता नदी के बारे में बताते हुए कहा समाज इस जल धारा के संरक्षण व प्रबंधन मे अपनी भूमिका निभाये जिससे यह जल धारा फिर जीवन दाई बन सके। कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय सिंह ने कार्यकम में गंगा किनारे से आए हुए युवाओं को स्वेच्छा से जुड़ने और इसमें योगदान देने हेतु प्रशंसा की और कहा कि सबको एकजुट होकर नदी का संरक्षण पर कार्य करना होगा। प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा ने नेहरू युवा केंद्र संगठन और युवा मंडल के बारे में अवगत कराया ।जिला परियजना अधिकारी एशा सिंह ने सभी गंगा दूतों प्रेजेंटेशन के माध्यम से नमामि गंगे परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।इसके पश्चात नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान से आए आर्टिस्ट करीम जी ने ग्राम स्तर पर प्रभात फेरी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन कैसे किया जाए एवं ग्राम वासियों को जोड़ते हुए जीवनदायिनी गंगा की स्वच्छता और निर्मलता की बात की जा सके विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक कुसुम,बबिता , गंगादूत गगन का अहम योगदान

### श्री राम बारात कमेटी ने मुख्य अतिथि के रूप में महापौर को किया आमंत्रित



**प्रयागराज।** श्री राम बरात कमेटी प्रिदर्शनी नगर नयापुरा करेली द्वारा आगामी 29 सितंबर को निकलने वाले रामदल को श्री राम बरात कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं प्रयागराज महापौर अभिलाषा गुप्ता को पुष्प एवं पत्र देकर मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होने का कमेटी ने किया आमंत्रित। 29 सितंबर को रामदल में मुख्य अतिथि महापौर एवं सांसद केसरी देवी पटेल मौजूद रहेंगी। कमेटी के संचालक कौशल सिंह, संस्थापक अजय पांडे, मेला प्रभारी राजकुमार त्रिपाठी, पूर्व पार्षद राजेश कुशवाहा , विजय सिंह, आरएन मौर्य, विष्णु पांडे, प्रमोद भाई, विमलेश सोनकर, एसपी श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अश्वनी कुमार ने दी।

# नवरात्रि के दूसरे दिन हुई ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा अर्चना

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा -अर्चना हुई। देवी के भक्तों ने पूरे विधि विधान से पूजा के बाद आरती का कार्यक्रम चला।जनवार में भव्य दुर्गा पांडाल में रोहित तिवारी के नेतृत्व में भक्तों ने दूसरे दिन भव्य आरती का कार्यक्रम आयोजित किया।बता दें कि नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है -नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिन के दौरान,शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है और दसवां दिन दशहरा मनाया जाता है। माँ दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरुप देवी ब्रह्मचारिणी का हैं। यहां ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या हैं। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी- तप का आचरण करने वाली। कहा भी हैं- वेदस्तत्वं तपो ब्रह्म-वेद,तत्व और तप ब्रह्म शब्द के अर्थ हैं। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य हैं। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमंडल रहता हैं।गौरतलब है कि अपने पूर्व जन्म में जब ये हिमालय के घर में पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं तब नारद के उपदेश से इन्होने भगवान शंकर जी को पति रूप में प्राप्त करने के लिए अत्यंत कठिन



तपस्या की थी। इस दुष्कर तपस्या के कारण इन्हें तपस्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। एक हजार वर्ष उन्होंने केवल फल, मूल खाकर व्यतीत किए और सौ वर्षों तक केवल शाक पर निर्वाह किया था। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखते हुए देवी ने खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के भयानक कष्ट सहे। इस कठिन तपस्या के पश्चात तीन हजार वर्षों तक केवल जमीन पर टूटकर गिरे हुए बेलपत्रों को खाकर वे भगवान शिव की आराधना करती रहीं। इसके बाद उन्होंने सूखे बेलपत्रों को भी खाना छोड़ दिया और कई हजार वर्षों तक वे निर्जल और निराहार तपस्या करती रहीं। पत्तों को भी खाना छोड़ देने के कारण उनका एक नाम 'अर्पणा' भी पड़ गया। कई हजार वर्षों की इस कठिन तपस्या के कारण ब्रह्मचारिणी देवी का शरीर एकदम क्षीण हो उठा,उनकी यह दशा देखकर उनकी माता मेना अत्यंत दुखी हुई और उन्होंने उन्हें इस कठिन तपस्या से विरक्त करने के लिए आवाज दी 'उ मा'। तब से देवी ब्रह्मचारिणी का एक नाम उमा भी पड़ गया। उनकी इस तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। देवता,ऋषि,सिद्धगण,मुनि सभी देवी ब्रह्मचारिणी की इस तपस्या को अभूतपूर्व पुण्यकृत्य बताते हुए उनकी सराहना करने लगे। अंत में पितामह ब्रह्मा जी ने आकाशवाणी के द्वारा उन्हें सम्बोधित करते हुए प्रसन्न स्वर में कहा-'हे देवी !आज तक किसी ने ऐसी कठोर तपस्या नहीं की जैसी तुमने की हैं। तुम्हारे इस आलोकित कृत्य की चारों ओर सराहना हो रही हैं। तुम्हारी मनोकामना सर्वतोभावेन परिपूर्ण होगी।भगवान चंद्रमौलि शिवजी तुम्हे पति रूप में प्राप्त अवश्य होंगे।अब तुम तपस्या से विरत होकर घर लौट जाओ शीघ्र ही तुम्हारे पिता तुम्हे बुलाने आ रहे हैं।' विद्वानों के अनुसार देवी ब्रह्मचारिणी की आराधना से अनंत फल की प्राप्ति एवं तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती हैं।जीवन के कठिन संघर्षों में भी व्यक्ति अपने कर्तव्य से विचलित नहीं होता।मॉ ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती हैं।लालसाओं से मुक्ति के लिए माँ ब्रह्मचारिणी का ध्यान लगाना अच्छा होता हैं।देवी की ॰या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। इस मंत्र के जाप से सभी का कल्याण होता है।

### अज्ञात वाहन ने मकैनिक को रौंदा, मौत

**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र के सेफखानपुर उर्फ नगरिया निवासी मोहम्मद असलम उम्र 60 वर्ष पुत्र अहमद हमीद बीती शाम 6:30 बजे अपनी बाईक मैकेनिक की दुकान बंद करके घर जा रहा था। तभी सिकंदरा सोरांव रोड पर कुतुब पट्टी उर्फ अहियापुर गांव के सामने तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने असलम को रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर उपनिरीक्षक माजिद खान ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद थाने भेजा। जहां पंचनामा भरकर शव विच्छेदन हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हल्का दरोगा द्वारा विवेचना की जा रही है। मृतक असलम को तीन पुत्र चार पुत्रियां हैं।

# निर्धारित स्थलों पर ही लगाएं दुर्गा प्रतिमाएं और करें विसर्जन : उपजिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** नवरात्रि पर्व एवं दशहरा मेले के आयोजन को लेकर थाना कोरांव में मंगलवार को उपजिलाधिकारी योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विकासखंड के ग्राम प्रधान दुर्गा पूजन कमेटियों के पदाधिकारी तथा बाजार के संभ्रांत लोग शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी कोरांव योगेंद्र सिंह ने दुर्गा पूजन कमेटियों के पदाधिकारियों एवं मेले के आयोजकों से अपील किया कि सरकार व प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार निर्धारित स्थलों पर ही दुर्गा प्रतिमाएं रखी जानी है, और पूर्व में निर्धारित स्थलों पर ही उनका विसर्जन किया जाना है। किसी भी दशा में नए स्थानों पर विसर्जन व दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना नहीं की जाएगी। ऐसा करने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मेले के दिन निकाली जाने वाली झांकियों एवं डीजे साउंड के बारे में भी दिशा निर्देश दिया गया। कहा कि जिस भी कमेटी द्वारा गाइडलाइन का उल्लंघन किया जाएगा, उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं संभ्रांत लोगों से नवरात्रि पर्व एवं दशहरा मेले के आयोजन को लेकर आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात थाना

**नवरात्रि पर्व एवं दशहरा मेले को लेकर थाना कोरांव में पीस कमेटी की बैठक आयोजित**



प्रभारी को उनका समय से निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह सभी कमेटियों से गाइडलाइन का पालन करते हुए नवरात्रि पर्व मनाने एवं मेले का आयोजन करने की हिदायत दी। बैठक में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान बृज भूषण पांडेय, ग्राम प्रधान ज्योति प्रकाश सिंह उर्फ बाबा सिंह, ग्राम प्रधान अखिलेश सिंह, ग्राम प्रधान ज्ञान सिंह पटेल, प्रधान संघ के अध्यक्ष रामानुज यादव, ग्राम प्रधान दिनेश यादव समेत नगर के दुर्गा पूजन कमेटियों के पदाधिकारी व अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### रिटायर शिछ्क के खाते से 17 लाख उड़ाए

**प्रयागराज।** भौजीतारा गांव के रिटायर शिक्षक के खाते से जालसाजो ने 17 लाख रुपया निकाल लिया। पीड़ित ने फाफामऊ थाने में बैंक कर्मियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बैंक कर्मियों की मिली भगत से बिना सूचना दिए उसके खाते से अटैच मोबाइल नंबर को बदल दिया गया। इसके बाद बैंक ने उसके हस्ताक्षर युक्त चेक बुक जारी कर पोस्टमैन द्वारा किसी और को चेक बुक दे दिया। जिससे कई बार में उसके खाते से करीब 17 लाख रुपया निकाल कर मालती नामक महिला के खाते में डाल दिया गया।

### फाफामऊ में 75 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को फाफामऊ में 75 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर निमार्णों को ढहा दिया।पीडीए ने सबसे पहले बीबीएस इंटरनेशनल स्कूल के सामने 30 बीघा भूखंड के प्लॉटों पर बनी दीवारें तोड़ दीं। यहां फैजल ने पैजल ने प्लॉटिंग की थी। इसके बाद नावेद की ओर से गोहरी रोड किनारे 30 बीघा जमीन पर अवैध निमार्णों को तोड़ा। अंत में लेहरा में 15 बीघा भूखंड पर अवैध रूप से बनी बाउंड्रीवाल को जेसीबी से तोड़ा। पीडीए के विशेष कार्याधिकारी व जोनल अधिकारी अभिनव रंजन ने बताया कि सभी निर्माण अवैध थे। जमीनों का लेआउट पास नहीं था। प्लॉट खरीदने वाले भी आंख मूदकर निर्माण करा रहे थे।

### पति ने पत्नी को तीन तलाक कह कर घर से भगाया

**मऊआइमा।** दहेज में चार पहिया वाहन और पांच लाख रुपये नगदी न मिलने पर पति ने पत्नी को तीन तलाक कहा। तथा घर से भगा दिया। विवाहिता के भाई ने मऊआइमा थाने में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकशाह उर्फ रामपुर डांडी निवासी मोहम्मद शाहिल पुत्र निजाम उद्दीन ने अपनी बहन अलफिया बानों की शादी मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महलिया किरांव निवासी फजलुर्रहमान के साथ 20 अगस्त 2022 को की किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराली दहेज में पांच लाख रुपये और चार पहिया वाहन की मांग करने लगे। मांग न पूरी होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करते थे। अलफिया के पति दहेज की मांग न पूरी होने पर तीन तलाक दे दिया और मार पीट कर भगा दिए। अलफिया अपने घर आ कर आपबीती बताई। अलफिया के भाई मोहम्मद शाहिल ने पति फजलुर्रहमान ,ससुर मोईन उद्दीन ,सास किस्मतुन निशां ,ननद शबिया बानों ,ननद गुडडी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में बनारस की टीम बनी विजेता

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के वीरकाजी गांव में सोमवार को शुरू हुई कबड्डी प्रतियोगिता का समापन देर रात हो गया। उद्घाटन मैच मेरठ और तेवरिया के बीच खेला गया था जिसमें तेवरिया की टीम जोरदार प्रदर्शन के बलबूते विजयी रही। प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में दिल्ली, वाराणसी,धनूपुर, घूरपुर,आगरा, फूलपुर, प्रतापगढ़, भदोही हनुमानगंज के साथ ही अन्य जनपदों से आई बीस टीमों ने जोरदार प्रदर्शन कर खेल को रोमांचक बना दिया। रोमांचक खेल में प्रयागराज को हराकर दिल्ली की टीम ने जहां सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई वहीं हरियाणा की टीम भी प्रतिद्वंद्वी टीम को करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई। कबड्डी का रोमांचक फाइनल खेल बनारस और हरियाणा के बीच खेला गया। जिसमें 25 स्कोर पर बनारस की टीम विजेता रही वहीं 22 स्कोर पाकर उपविजेता का खिताब हरियाणा ने अपने नाम कर लिया। कबड्डी महासंग्राम में जहां एक ओर युवा खिलाड़ी अपना जोश दिखा रहे थे। वहीं दूसरी ओर दर्शक तालियां बजाकर अपनी-अपनी टीमों का उत्साहवर्धन कर रहे थे। कार्यक्रम के संचालन किसान नेता रमेश कुमार भारतीय व कमेन्ट्री मो०ताज व अखिलेश ने संयुक्त रूप से किया। खेल के समापन पर जिला पंचायत सदस्य व प्रसपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ यादव व सपा नेता वकार अहमद ने विजेता टीम को ट्राफी व 12000 रूपए तथा उपविजेता



विजेता टीम को ट्राफी व पुरस्कार देते अतिथिगण

टीम को मेडल के साथ 8000 रूपए पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विजेता टीम को जीत की बधाई देते हुए प्रसपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ यादव ने कहा कि खेल में हार जीत एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है इसलिए हारने वाली टीम को मायूस नहीं होना चाहिए अपितु आगे हार न मिले इसके लिए प्रयासरत रहना चाहिए। वहीं विजेता टीम को और भी बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान खेल मैदान पर दर्शकों का हुजूम उमड़ा रहा जो तालियां बजाकर अपनी- अपनी टीमों का हौसला अफजाई करते रहे। मौके पर ग्राम प्रधान राम चन्द्र तुफानी, राकेश मास्टर, सपा नेता सैयद मो० रजिक, मानिक चंद,दुर्विजय सिंह भारतीय, शैलेन्द्र कुमार, राजेंद्र भारतीय, बड़ेलाल यादव, धर्मराज गौतम,दयाराम,मो०इमरान, मेठ सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# देश में मंहगाई व बेरोजगारी का बढ़ता ग्राफ चिन्ताजनकः प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा सदस्य ने पार्क की प्रगति का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लगातार बढ रही मंहगाई को लेकर मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन को लेकर मंगलवार को तीखे प्रहार किये। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने देश में न थमने वाली मंहगाई के हालात को दिनोदिन चिंताजनक बताते हुए कहा है कि सरकार की अदूरदर्शिता की कीमत अब मध्यम वर्ग को दवाओं तथा खाद्य तेलों के घरेलू दामों मे बढने के साथ सबसे चिंताजनक हालात यह होने जा रहे हैं कि देश में रोजगार के मौके भी अब और ज्यादा घटेगें।

रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने जगह जगह कार्यकताओं तथा लोगों से संवाद कार्यक्रम में कहा कि जिस तरह से देश में रिजर्व बैंक की कोशिश भी अब डालर के मुकाबले रुपए की गिरावट को रोक पाने मे अक्षम साबित हो रही है। उसे देखते हुए मंहगाई मे बढोत्तरी का ग्राफ और खतरनाक होता जा रहा है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने नगर पंचायत लालगंज में ट्रामा सेंटर के सामने से लम्बे निमार्णाधीन आई लव लालगंज ग्रीन पार्क के सुसज्जीकरण की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होनें पार्क में स्थानीय लोगों की मांग को सीएचसी के सामने एक इण्डिया मार्का टू हैण्डपम्प की भी सौगात सौंपी। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख अमित सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, केडी मिश्र, सदाशिव यादव, रामनाथ वैश्य, वसीम खां, रावेन्द्र मिश्र, बंटी जायसवाल, डा. वकील अहमद, डा. रमाशंकर शुक्ल, अंजनी कौशल आदि मौजूद रहे।



निमार्णाधीन पार्क की प्रगति का जायजा लेते सांसद प्रमोद तिवारी।

# बेल्हा में होगी महिला स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप

## एसोशिएशन के पदाधिकारियों ने की डीएम से मुलाकात

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 49वीं स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप (सीनियर वर्ग महिला) की रुपरेखा को लेकर एसोशिएशन के पदाधिकारियों ने आयोजन समिति के अध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह के साथ जिलाधिकारी प्रतापगढ़ डॉ. नितिन बंसल से उनके कैंप कार्यालय पर मुलाकात की।

बैठक कर आयोजन की तिथि एवं स्थान के संबंध में बातचीत कर निर्णय लिया। बैठक के दौरान चैंपियनशिप की तिथि 27, 28 एवं 29 जनवरी निर्धारित हुई। आयोजन स्थल के सम्बन्ध में जिला खेल स्टेडियम को चुना गया। आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा तय कर जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को आयोजन के संबंध में प्रशासन से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करने हेतु अवगत कराया गया। बैठक में जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर वीरेंद्र सिंह, सचिव डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष कर्मराज सिंह मंजीत उपस्थित रहे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि आयोजन सम्बन्धित दायित्वों का निर्धारण जल्द ही कर दिया जाएगा।



डीएम से मुलाकात करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# मण्डल स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी के लिये होगा चयन

## जीजीआईसी में लगी गणित एवं पर्यावरण की प्रदर्शनी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में एनसीईआरटी नई दिल्ली एवं राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ के आदेश के क्रम में 50वीं जवाहरलाल नेहरू विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2022 का जनपद स्तर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय प्रौद्योगिकी एवं खिलौने रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वदानंद जिला विद्यालय निरीक्षक रहे। अति विशिष्ट अतिथि में डॉक्टर विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बड़ौदा प्रतापगढ़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने किया। निर्णायक मंडल में सविता सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकू आर पट्टी प्रतापगढ़ एवं गीता यादव उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ रही। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने अपने एक से बढ़कर एक मॉडलों को प्रदर्शित किया। छात्र-छात्राओं के मॉडल सम्मानित निर्णायक मंडल द्वारा मंडल स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी के लिए प्रत्येक उप विषय से प्रथम एवं द्वितीय दो चयनित किए जाएंगे और मंडल स्तर की प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण।

# नहर में शव मिलने से मचा हड़कम्प

## करेंट की चपेट में आने से युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा लोचनगढ़ नहर में मंगलवार की सुबह मुँह कपड़ा से बंधा व्यक्ति का शव मिलने से हड़कम्प मच गया जिसकी सूचना स्थानीय लोगो ने महेशगंज पुलिस को दी। सूचना पर पहुची महेशगंज ने शव को नहर से बाहर निकलवाया जिसकी पहचान भाई लाल यादव ढिंगवस शंकरगढ़ कोतवाली लालगंज के रूप में हुई।

बताते हैं मृतक भाई लाल सोमवार की शाम लगभग 6 बजे घर से किसी काम के लिए निकला था जिसका शव घर से 5 किलोमीटर दूर नहर में शव मिला।उधर घरनके परिजन लोग देरशाम तक घर वापस न पहुचने पर खोज बीन किया लेकिन पता नही चल सका सुबह शव मिलने की खबर की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुचे शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए घटना की तहरीर पुलिस को दी पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई करने की बात कह रही है।

उधर दुर्गा पूजा पंडाल में पंखा लगाने के दौरान करेंट की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि कुंडा कोतवाली के मनगढ़ निवासी रिंकू गौतम पुत्र मोतीलाल (24) वर्षीय सोमवार की रात लगभग 9 बजे गाव में बने दुर्गा पण्डाल में पंखा लगा रहा था कि उसी दौरान करेन्ट की चपेट में आ गया जिसे किसी तरह बिजली सप्लाई बन्द करके पंखा से बाहर किया और गंभीर हालत में सीएचसी कुंडा ले गए जहाँ चिकित्सकों ने रिंकू को मृत घोषित कर दिया।

उधर परिजनों को बिजली से करेन्ट लगने की जानकारी मिलते ही परिजन लोग मौके पर पँहुचे जहां से अस्पताल भाग कर पहुँचे सामने रिंकु का शव देख परिजनों में चीख पुकार मच गई पुलिस ने शव की लिखा पढी करके पीएम के लिये भेजा।

## हत्यारोपी की निशान देही पर पुलिस ने बरामद किया तमंचा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बीबियापुर गांव में 16 जुलाई 2022 को हुई आलोक पांडेय उर्फ शानू पुत्र राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय (28) की अभियुक्तों द्वारा घर जाते समय रात लगभग साढ़े नौ बजे रास्ते मे गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में अभियुक्त मो0 जफर पुत्र मो0 सलीम मिरगढ़वा मानिकपुर निवासी को नवाबगंज पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर लेने के दौरान नवाबगंज प्रभारी सुधीर कुमार सोनी व एस आई सुरेंद्र सिंह ने अभियुक्त की निशान देही पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के गंगा किनारे मानिकचन्द किला में अभियुक्तो द्वारा छिपा कर रखा गया अवैध तमंचा 315 बोर व एक जीवित बरामद किया जिसकी लिखा पढ़ी करके अभियुक्त को न्यायालय भेजा।

# पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारों के साथ अधिवक्ताओं ने तहसील में किया तालाबंदी

## उप निबंधन कार्यालय में भी जड़ा ताला

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुलिस द्वारा अधिवक्ता से मारपीट करने के मामले में मंगलवार को पट्टी तहसील में पहुंचे अधिवक्ताओं ने तालाबंदी करके पुलिस प्रशासन तथा पट्टी पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाए और चेतावनी दिया कि जब तक आरोपी पुलिसकर्मियों पर मामला दर्ज करके उन पर कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक पट्टी तहसील में अधिवक्ता कार्य से विरत रहेंगे।

तीन दिन पहले पट्टी तहसील में कार्यरत एक अधिवक्ता मानस त्रिपाठी को पट्टी थाने के समीप स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाते समय पुलिस द्वारा अभद्र व्यवहार और अधिवक्ता के साथ मारपीट का गंभीर आरोप अधिवक्ताओं ने लगाया था, जिसके कारण मंगलवार की सुबह दस बजे पहुंचे अधिवक्ताओं ने सैकड़ों की संख्या में एकजुट हो गए और तहसील मुख्यालय का गेट बंद करके पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। उसके बाद कार्य से विरत रहने वाले अधिवक्ताओं ने उप निबंधन कार्यालय पट्टी में भी ताला जड़ दिया। इस दौरान रणविजय सिंह विपिन सिंह योगेश सिंह मानस त्रिपाठी, बंटी पांडेय, अमरजीत शर्मा, अजीत सिंह, चंदन सिंह, दिनेश सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश सिंह अधिवक्ता रवि सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## नेत्र शिविर में 263 मरीजों की हुई जांच

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत कोराली में मंगलवार को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आये चिकित्सक टीम ने शिविर लगाकर 263 मरीजो की आंख की जांच करी जिसमें 26 मरीजो को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट ले गए और 76 मरीजो को निःशुल्क चश्मा व दवा वितरण कर घर भेज दिया।

# वकील परिषद चुनाव में पहले दिन पांच लोगों ने किया नामांकन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वकील परिषद के चुनाव में पहले दिन मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए चार एवं उपाध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। नामांकन बुधवार को भी होगा। वकील परिषद में चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद से ही प्रत्याशी अपने मतदाता को अपने पक्ष करने में जुट गए हैं। फिलहाल नामांकन के दिन अध्यक्ष पद के लिए पूर्व विधायक स्वर्गीय विद्या शंकर पांडेय के पुत्र आनंद कुमार पांडेय, सूर्यकांत निराला, चंद्र प्रकाश तिवारी, संजय उपाध्याय ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। उपाध्यक्ष पद के लिए सतीश दुबे ने अपना पर्चा जमा कर दिया। चुनाव अधिकारी के रूप में देवेंद्र ओझा, विजय गुप्ता, अजय पांडेय ने नामांकन पत्र दाखिल कराया। अभी एक दिन और पर्चा दाखिला की तिथि निर्धारित है। 29 सितंबर को पर्चे की जांच की जाएगी तथा 30 सितंबर को पर्चा वापस लिए जाने का दिन तय हुआ है। 14 अक्टूबर को मतदान होगा। वकील परिषद में 148 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य पर अपनी कलम चलाएंगे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं की माने तो अध्यक्ष पद पर जोरदार मुकाबला होने की संभावना है। फिलहाल अभी एक दिन समय और है। प्रत्याशियों का निर्धारण हो जाने के बाद इस बार वकील परिषद का चुनाव और रोचक होने की उम्मीद है।

# विधायक ने लोगों को ग्रहण कराई सपा की सदस्यता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, निवर्तमान जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी व रानीगंज विधायक डा० आरके वर्मा सहित पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में नगर पालिका के सभासद जिला योजना समिति के सदस्य विनय सिंह भोला, पूरे केशव राय प्रधान शिवाजीत सिंह, लोकेश मिश्रा एडवोकेट, विनोद माली, प्रदीप चैधरी एडवोकेट, अनूप शुक्ला एडवोकेट, विष्णु त्रिपाठी एडवोकेट, श्रवण शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह एडवोकेट, ईशांत उपाध्याय एडवोकेट, पंकज पांडेय एडवोकेट, बबलू राईन, अख्तर अली हुसैन, हामिद वकार अहमद, अख्तर राईन, फारूक खां, सुरेश यादव सहित सैकड़ों लोगों ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव में अपनी आस्था और विश्वास रखते हुए पार्टी में शामिल होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर शान्ति सिंह, शबनम बानो, उर्मिला यादव, अश्वनी सोनी, नरेंद्र पाल, कमलेश पटेल, डा० शेर बहादुर यादव, रामबहादुर पटेल, सत्यनारायण यादव, रामबचन यादव, रमेश पाठक, समीम खान, पप्पू यादव, मनीष पाल, सुरेश यादव, तबारक हुसैन, शिवकुमार यादव, गुलफाम खां, शफात अहमद, वकार अहमद सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



लोगों को सपा की सदस्यता ग्रहण कराते विधायक डा0 आरके वर्मा।

# घर में घुसकर की मारपीट

**पट्टी, प्रतापगढ़।** संयुक्त रुप से बिजली का कनेक्शन लेने के बाद भी विद्युत बिल न जमा करने पर जब पीड़ित ने विपक्षियों से इसके बारे में कहा तो आरोपी उसके घर में घुसकर मारपीट की। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के औराईन गांव का रहने वाला अनिल कुमार पुत्र रामकिशुन ने बताया कि उसके विद्युत कनेक्शन में उसके पड़ोसी भी हिस्सेदार हैं। विद्युत बिल अधिक हो जाने के कारण जब उसने पैसा मांगा तो सभी लोग एकजुट होकर के घर में घुसकर उसे जमकर मारपीट पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

# आशनाई में की गई थी डीजे संचालक की हत्या

## पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक सप्ताह पहले पट्टी के बीरापुर खुर्द गांव के डीजे संचालक की हत्या के मामले में पुलिस ने राजफाष कर दिया है। मृतक युवक आरोपी की बहन से मोबाइल पर बात करता था, यह बात आरोपी को नागवार गुजरी तो अपने साथियों के साथ उसने डीजे चलाने के बहाने उसे बुलाया और उसे शराब पिलाकर जान से मार डाला और शव को नहर में फेंक दिया। सोमवार की देर शाम पट्टी पुलिस ने काल डिटेल के आधार पर दो लोगो को हिरासत में लिया तो दोनों ने हत्या करने की बात कबूल किया।

पट्टी के बीरापुर खुर्द गांव निवासी सूरज सोनी डीजे संचालक था। वह 16 सितंबर को पड़ोसी गांव लोहिंदा थाना सुजानगंज जौनपुर निवासी बृजेश गौतम के मांगलिक कार्यक्रम में डीजे ले गया था। उसके साथ सनी कुमार उर्फ रोहित कुमार निवासी लखनपुर थाना खुटहन जौनपुर भी गया था। इसके बाद वह लौटकर नहीं आया। परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क साधा तो मोबाइल उसका स्विच ऑफ रहा आ रहा था। परिजनों ने इस संबंध में चार दिन बाद हत्या का मामला दर्ज कराते हुए शव को ठिकाने लगाने की बात भी कही। पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर बृजेश गौतम तथा शनि गौतम के विरुद्ध हत्या व शव गायब करने का मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो घटना का पदार्फाश हो गया कोतवाल नंदलाल सिंह का दावा है कि आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया है। आरोपियों ने बताया कि डीजे संचालक सूरज की हत्या करके मैजिक से ले गए और शव को नहर में फेंक दिया। कोतवाल ने बताया कि मंगलवार को एसडीआरएफ की टीम उमरपुर नहर में डीजे संचालक के शव की तलाश करेगी।

## समझाने से नहीं बनी बात तो दोस्तो के संग रची साजिश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बृजेश डीजे संचालक सूरज सोनी की हरकतों से परेशान था, उसने कई बार इस सम्बंध में सूरज को समझाया भी था तो अपनी बहन को भी धमकाया था लेकिन जब दोनों मोबाइल से बात करते रहे तो उनकी हरकतों से तंग आकर अपने दोस्तों के साथ पहले सूरज को जमकर शराब पिलाया फिर हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया।

## जगह-जगह मां ब्रम्हचारिणी की हुई आराधना, भक्तिमय हुआ माहौल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन भी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा मां की आराधना को लेकर देवी भक्त उत्साह मे गोते लगाते दिखे। मां ब्रम्हचारिणी के स्वरूप में मंगलवार को देवी पाण्डालों व मंदिरो में आराधना का सुर गुंजायमान हुआ दिखा। इनहन भवानी धाम में भक्तों का जमावडा देवी पूजन व अर्चन में सुबह से ही तांते मे लगा दिखा। वहीं सोमवार की शाम पाण्डालों तथा मंदिरों में दुर्गा मां की भव्य आरती मे भक्तो को रमे देखा गया। आरती के साथ भक्त पाण्डालों मे देवी प्रतिमाओं के भव्य श्रृंगार तथा आकर्षक विद्युत छटा को भी अपलक निहारते दिखे। बाबा घुइसरनाथ धाम में मंगलवार के परम्परागत मेले में नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से देर शाम तक बनी दिखी। श्रद्धालुओं की भीड बढ जाने के कारण सांगीपुर पुलिस प्रशासन को भी खासी मशक्कत मे देखा गया। लालगंज घुइसरनाथ रोड पर वाहनों की भी भरमार अधिक होने से चैक पर यातायात व्यवस्था भी पुलिस के लिए चुनौती बनी दिखी। यही हाल सांगीपुर बाजार से देउम चैराहा व बाबा धाम पर बने सई के पुल पर भी श्रद्धालुओं के वाहनों की अधिकाधिक संख्या मे नजर आया। इधर नवरात्र को लेकर दुर्गा पाण्डालों मे आध्यात्मिक कथाओं व भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शुरूआत हो उठी देखी जा रही है। वहीं नवरात्र में धार्मिक स्थलों पर भण्डारों व कन्या पूजन में भी देवी भक्तों को मां की आराधना के साथ मन्नतें मांगते देखा जा रहा है।

# रामलीला समिति द्वारा निकाली गई सीता उत्पत्ति की भव्य झांकी

## दर्शन को आतुर दिखे नगर वासी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा आज दूसरे दिन माता सीता की उत्पत्ति की भव्य झांकी निकाली गई। गोपाल मंदिर से गाजे-बाजे के साथ झांकी में राजा जनक हल चला रहे थे। हल चलाते-चलाते हल एक जगह फस गया वहीं पर एक घड़े में माता सीता की उत्पत्ति हुई।

झांकी सभी का मन मोह रही थी रास्ते में जगह-जगह भक्तगण आरती कर रहे थे। शोभायात्रा आज गोपाल मंदिर से होकर चैक से सदर बाजार होते हुए फिर चैक से पंजाबी मार्केट होते हुए गोपाल मंदिर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा, संरक्षक जय नारायण अग्रवाल, रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, विपिन गुप्ता, मनीष गुप्ता, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, सुरज, विकास, विवेक, प्रभारी बंटी नेता आदि रहे।



माता सीता की उत्पत्ति की झांकी निकाले कलाकार।

## वनरोज का बच्चा हुआ जंगली जानवर के हमले से जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** वनरोज का नवजात बच्चा किसी जंगली जानवर के हमले से बुरी तरह जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दिया। उसके बाद पशुधन प्रसार अधिकारी तथा मुख्य उप चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचकर उसका इलाज किया। ग्रामीणों ने डॉक्टरों की पूरी टीम को धन्यवाद दिया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले बृजेश सिंह का घर छोटे से जंगल के समीप है। मंगलवार की सुबह एक वनरोज का मासूम बच्चा लड़खड़ाते हुए उनके घर के सामने दिखाई दिया। उसके पेट पर गहरे जख्म के निशान थे। इसकी सूचना तुरंत उनके भाई विजय सिंह ने डायल 112 पुलिस को दिया।



मंदिर के बाहर साफ-सफाई कराते बीडीओ कालाकांकर।

## धार्मिक स्थलों व बाजारों की हुई साफ सफाई

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्रि के पर्व पर खण्ड विकास अधिकारी कालाकांकर जी डी शुक्ला व सहायक विकास अधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के निर्देशन में क्षेत्र के प्रमुख बाजार एवं दुर्गा पण्डाल लवाना, कुसुवापुर, परियावां, लाला का बाजार व आलापुर में सफाई टीम भेजकर साफ सफाई कराया ताकि श्रद्धालुओ को गन्दगी से होकर गुजरना न पड़े। नौलखा मन्दिर लवाना में बीडीओ जी डी शुक्ला ने अपनी देख रेख में साफ सफाई कराया। बीडीओ द्वारा अपने सामने खड़े होकर साफ सफाई कराते देख लोग प्रशंसा करते नजर आए और कहने लगे कि अब तक कई बीडीओ आये लेकिन किसी ने कभी नवरात्रि पर्व पर साफ सफाई की तरफ ध्यान नही दिया।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### अल्ट्रासाउंड की गलत रिपोर्ट बनाने पर सीएमओ से शिकायत

**पश्चिम सरीरा कौशांबी।** पश्चिम शरीरा क्षेत्र के नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा की उषा देवी पत्नी सरोज कुमार के पेट में दर्द होने पर उसके पति ने उसे 10 सितंबर को डॉक्टर मानिकचंद के अस्पताल में दिखाया जहां उसे अल्ट्रासाउंड करने की सलाह दी गई जिस पर सरोज कुमार अपनी पत्नी उषा देवी को लेकर स्टार अल्ट्रासाउंड केंद्र पश्चिम शरीरा के डॉक्टर अनूप रस्तोगी के पास पहुंचा और फीस जमा करने के बाद उषा देवी का अल्ट्रासाउंड किया गया अल्ट्रासाउंड के आधार पर मरीज का डॉक्टर ने इलाज किया लेकिन मर्ज नहीं ठीक हुआ जिस पर मरीज ने फतेहपुर जिले के अल्ट्रासाउंड केंद्र से जांच कराई जिस पर उसके पेट में पथरी की रिपोर्ट आई फतेहपुर से अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट मिलने के बाद सरोज कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर पश्चिम सरीरा के अल्ट्रासाउंड के डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## अपराध से अर्जित की गई दो करोड़ 65 लाख की सम्पत्ति कुर्क

### पर्ल डाइट इन्फ्राकेयर प्राईवेट कम्पनी खोलकर धोखाधडी कर अर्जित धन से बनायी थी करोड़ो की संपत्तियां

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अपराध से अर्जित की गई संपत्ति पर डीएम एसपी का चाबुक चल गया है और दो करोड़ 65 लाख रुपए की संपत्ति पुलिस और राजस्व विभाग ने सयुक्त रूप से कुर्क कर दिया है पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद के अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल पर्यवेक्षण मे जिला मजिस्ट्रेट कौशाम्बी के वाद संख्या 24/2022 कम्प्यूटर वाद संख्या 20220242000 1066 अन्तर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट के तहत उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट थाना मंझनपुर बनाम रघुराज सिंह यादव पुत्र सूर्यभान सिंह यादव निवासी कोर्रई थाना मंझनपुर आदि 03 नफर मे पारित आदेश दिनांक 15 सितंबर 2022 के अनुपालन में खाता संख्या 81 गाटा संख्या 55 कुल रकबा 0.424 हेक्टेयर कीमत करीब 40 लाख रुपये व सिराथू रोड पर ग्राम कोरंई मे आवासीय घर जिसकी अनुमानित कीमत करीब 75 लाख रुपये एवं खाता संख्या 81 गाटा संख्या 55 कुल रकबा 0.424 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित सन्त इण्टरनेशनल पब्लिक स्कूल कोर्रई सिराथू रोड मंझनपुर जिसकी अनुमानित कीमत करीब 01



कुर्क की गई जमीन स्कूल

करोड 50 लाख रुपये को ब्लाक शिक्षा अधिकारी जवाहरलाल यादव व कानूनगो बजरंग प्रसाद की उपस्थिति में रोशन लाल प्रभारी निरीक्षक थाना महेवाघाट मय हमराह कर्मचारी गण द्वारा नियमानुसार कुर्क कर सील सर्वमुहर किया गया। उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के अभियुक्त गण रघुराज सिंह यादव पुत्र सूर्यभान सिंह यादव निवासी कोरई थाना मंझनपुर शिवराज सिंह यादव उर्फ आदित्यराज सिंह यादव पुत्र सूर्यभान सिंह यादव निवासी कोरई थाना मंझनपुर धनराज सिंह यादव उर्फ धर्मराज सिंह पुत्र सुर्यभान सिंह यादव निवासी कोर्रई थाना मझनपुर के द्वारा पर्ल डाइट इन्फ्राकेयर प्राईवेट कम्पनी खोलकर लोगो से धोखाधडी कर अपराध कारित करके अर्जित किये गये धन से उक्त संपतियां बनायी गयी है जिन्हें पुलिस ने कुर्क कर दिया है।

## एडीओ पंचायत कड़ा के लग्जरी वाहन की ब्लॉक में रही चर्चा

अखंड भारत संदेश

**ग्राम पंचायतों को करोड़ों की रकम भेजने के बाद योजनाओं का नहीं दिखाई पड़ रहा जमीनी सतह पर विकास, वेतन से अधिक इंधन में खर्च कर रहे हैं ब्लॉक के अधिकारी आमदनी का क्या है श्रोत**



**कौशांबी।** भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का दावा करने वाली योगी सरकार के आदेशों की धज्जियां जिले में बेखौफ तरीके से उड़ाई जा रही हैं और आला अधिकारी भी भ्रष्टाचार के इस व्यवस्था पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं शासन से मिलने वाले वेतन से अधिक की रकम एडीओ पंचायत कड़ा वाहन के ईंधन और उसके रखरखाव में प्रत्येक महीने खर्च कर रहे हैं अपने पूरे नौकरी में कुल वेतन के आधे से अधिक हिस्से की कीमत के लग्जरी वाहन से एडीओ पंचायत कड़ा ब्लॉक में प्रतिदिन फरार्टा भर रहे हैं आखिर एडीओ पंचायत कड़ा ब्लाक के आमदनी का स्त्रोत है इस व्यवस्था की ओर आला अधिकारियों ने भी जांच कराए जाने का प्रयास नहीं किया है पूरे कड़ा विकासखंड क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला है ग्राम पंचायतों में करोड़ों की रकम खर्च किए जाने के बाद विकास योजनाएं जमीनी हकीकत में नहीं दिखाई पड़ रही है एडीओ पंचायत कड़ा का लग्जरी वाहन उनके नवाबों जैसे शानो शौकत को प्रदर्शित कर रहा है आए दिन विकास भवन में एडीओ पंचायत का वाहन खड़ा दिखाई पड़ता है लेकिन उसके बाद भी मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी ने एडीओ पंचायत के अकूत संपत्ति की जांच कराए जाने का प्रयास नहीं किया है आखिर एडीओ पंचायत कड़ा के काली कमाई पर जांच कराए जाने से अधिकारी क्यों अनदेखी कर रहे हैं यह चर्चा का विषय बना हुआ है अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले एडीओ पंचायत कड़ा के कारनामों की यदि अधिकारियों ने जांच कराई तो भ्रष्टाचार में लिप्त एडीओ पंचायत कड़ा के अकूत संपत्ति का खुलासा होना तय है योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था में काली कमाई में लिप्त एडीओ पंचायत कड़ा के कारनामो की जांच आला अधिकारी कराते हुए इन पर मुकदमा दर्ज करा कर इनकी गिरफ्तारी कराएंगे या सब कुछ केवल भाषण बाजी तक सीमित रह जाएगा आम जनता इसका जवाब योगी सरकार से चाहती है।

## दबंग महिला ने एसबीआई बैंक के अंदर मचाया तांडव

**भरवारी कौशांबी।** फौज से रिटायर होने वाले पीके राय भारतीय स्टेट बैंक भरवारी शाखा में केशियर के पद पर कार्यरत हैं आयकर विभाग बैंगलोर में सर्विस करने वाले उनके ससुर जी का एक मकान प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के पोंगघट पुल के पास है ससुर जी के इस मकान के देखरेख की जिम्मेदारी केशियर पीके राय को उनके ससुर ने दे रक्खी है ससुर जी के इस मकान को पीके राय ने एक महिला को किराए पर दे दिया है। मकान को किराए पर लेने के बाद महिला ने किराया देना बंद कर दिया जिस पर पीके राय ने महिला से मकान खाली करने की बात कही यह बात दबंग महिला को खराब लगी और मंगलवार को प्रयागराज से महिला अन्य कई लोगों के साथ भरवारी भारतीय स्टेट बैंक पहुँच गयी और बैंक के अंदर महिला ने जमकर उत्पात मचाया है दर्जनों ग्राहकों के सामने महिला ने बैंक केशियर पीके राय को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि मकान खाली कराने की बात छोड़ दो वरना तुम्हें हम दुनिया से विदा कर देंगे दबंग महिला के करतूत से कैशियर पीके राय दहशत में है दबंग महिला के उत्पात से पूरे बैंक में हड़कंप मच गया।

## मनरेगा श्रमिको का शत-शत कराया जाए पंजीयन : सीडीओ

### निर्माण श्रमिकों के पंजीयन व नवीनीकरण पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में डायट सभागार में निर्माण श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण एवं उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दिये जाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनका लाभ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों/मनरेगा श्रमिकों (जिसने विगत 12 माह में 90 दिन का कार्य पूर्ण कर लिया हों) को दिया जाना है। उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिकों का पंजीयन 40 प्रकार की कार्य श्रेणियों में कार्यरत श्रमिकों का किया जा सकता हैं। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सचिव, ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारियों एवं पंचायत सहायकों से कहा कि जनपद में मनरेगा श्रमिक, जिन लोगों ने विगत 12 माह में 90 दिन का कार्य पूर्ण कर लिया हो, उन सभी का पंजीकरण शत-प्रतिशत किया जाना है, जिससे अन्य प्रकार के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की भॉति मनरेगा श्रमिकों को भी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकें। उन्होंने मनरेगा श्रमिकों को जागरूककर उनका शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दियें।कार्यशाला में श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति द्वारा श्रमिकों का पंजीयन एवं विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं-मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना, गम्भीर बीमारी सहायता योजना एवं सन्त रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी बालगोविन्द श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी

## सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत के बाद शिकायतकर्ता को किया लहूलुहान

**पुलिस की मौजूदगी में शिकायतकर्ता और उसके परिवारी जन पर दबंग करते रहे प्राणघातक हमला**

**कौशांबी।** सरकारी संपत्तियों पर कब्जे की शिकायत में आम जनता को अब सावधान होने की जरूरत है वरना कब्जा धारक शिकायत कताओं को लहूलुहान करने से बाज नहीं आएंगे और जांच के नाम पर हमला करने वाले अपना बचाव करते रहेंगे इसी तरह का एक मामला चरवा थाना क्षेत्र का प्रकाश में आया है जहां सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत के बाद दलित शिकायतकर्ता को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया गया है चायल तहसील की राजस्व टीम ने 26 सितम्बर को सरकारी भूमि पर दबंग कब्जा धारक को हटाते हुए भूमि को खाली कराया मगर इस करवाई से भन्नाए दबंगों ने 27 सितम्बर को शिकायतकर्ता के घर पर धावा बोल दिया और जमकर उत्पात मचाया शिकायतकर्ता को लाठियों से पीटा गया है मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक चरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 सरदार पटेल नगर बाबा तारा मे जुगुल किशोर पुत्र पन्ना लाल ने कई सालों से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रक्खा था। जिस पर देवेंद्र कुमार पासी ने इस भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए राजस्व के नीचे से लेकर आला अधिकारियों तक से शिकायत किया शिकायती पत्र की जांच करने के बाद मामला सही पाया गया और 26 सितम्बर को तहसील चायल के तहसील दार और लेखपाल सतीश चन्द्र, चरवा पुलिस के साथ बाबा तारा पहुंच कर सरकारी जमीन को कब्जा धारकों से मुक्त करा दिया। मगर फोर्स के जाने के बाद दबंगो ने उसी जमीन पर फिर से कब्जा जमा लिया । जिस पर शिकायतकर्ता ने विरोध किया तो मामला बिगड़ गया और दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। शिकायत से गुस्साए कब्जा धारक जुगुल किशोर और उनके पुत्रों साथियो ने लाठी डंडे से शिकायतकर्ता परिवार पर हमला बोल दिया। जिसमे परिवार के कई लोग लहूलुहान हो गए है। हमले में देवेंद्र की दो बहनों के सिर पर गभीर चोट लगी है। जिसमे से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है देवेंद्र की पत्नी जावित्री देवी ने चरवा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए जुगुल किशोर और उनके दो बेटे पन्ना लाल अमित कुमार आदि पर कार्यवाही की मांग की है हमले में घायल को चरवा पीएचसी में इलाज के लिए भेज कर मामले की जांच में पुलिस जुट गई ह।

## न्यूज झरोखा

### गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के छात्रों ने ली शपथ

**नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में छात्रों को दिया योग का प्रशिक्षण**



**भरवारी कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में गंगा की साफ सफाई कर प्रदूषण मुक्त करने के लिए छात्रों को शपथ दिलाई गई है इसके साथ ही छात्रों को योग के बारे में प्रशिक्षित किया गया। नेशनल इंटर कॉलेज में गंगा प्रदूषण रोकथाम को घाट पर हाट के रूप में मनाया गया एवं साथ ही साथ योग के बारे में छात्रों को आचार्य दुर्गा प्रसाद ने बड़े विस्तृत ढंग से बताया छात्रों ने गंगा प्रदूषण रोकथाम के लिए शपथ ग्रहण किया उक्त कार्यक्रम में छात्रों के साथ-साथ शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर कुमार तिवारी ने किया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने छात्रों को गंगा सफाई के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम में छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया इस अवसर पर शिक्षक अरुण कुमार द्विवेदी,गंगा प्रसाद,सन्तोष सिंह यादव,वरुण शंकर मिश्र,अतुल कुमार मिश्रा,विशाल कुमार मिश्र,स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव,हर्षिता सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रभु श्रीराम के चरित्र पर कथा का वर्णन, गांव में बह रही भक्ति की बयार



**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के यमुना नदी के किनारे दिया उपरहार गांव में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है सुख शांति विश्व कल्याण सनातन धर्म की रक्षा और सनातन धर्म के उत्थान हेतु श्री राम कथा के वर्णन का आयोजन शुरू किया गया है आचार्य बाल योगी नागा बाबा महंत विक्रमा नंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से श्री राम चरित्र मानस कथा प्रवचन का आयोजन संगीतमय धुन में 26 सितंबर से शुरू हो चुका है श्री राम चरित्र का वर्णन कथा प्रवचन 4 अक्टूबर तक निरंतर दिया उपरहार गांव के भैरव बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित है जहां क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष भक्तगण के साथ हिंदू वाहिनी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी भी श्री राम चरित्र के वर्णन को सुनने के लिए प्रतिदिन उपस्थित हो रहे हैं वही कार्यक्रम की सफलता को लेकर हर संभव प्रयास भक्तगण कर रहे हैं श्री राम चरित्र मानस कथा प्रवचन के पूर्व सोमवार के दिन प्रभु श्री राम का जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा का आयोजन किया गया है पूरा क्षेत्र प्रभु श्री राम की महिमा को सुनने के लिए आतुर है और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है कलश यात्रा में दिया उपरहार गांव के साथ-साथ इलाके के तमाम महिला पुरुष भक्त शामिल हुए हैं।

### ईश्रम कार्ड बनवाने के नाम पर ठगी करने वाले चार गिरफ्तार




**कौशांबी।** गरीब मजदूरों को ई श्रम कार्ड बनवाए जाने का झांसा देकर उनके बैंक खाते से रकम ट्रांसफर कराने वाले ठग गिरोह के चार सदस्यों को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को समदा चौराहे से गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पहले से भी मंझनपुर कोतवाली में ठगी का नामजद मुकदमा दर्ज था। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के छोकरियन पुरवा समदा गांव निवासी संगीता देवी को झांसा देकर 6 अगस्त को उसके बैंक खाते से 10 हजार रुपए ठगों ने ट्रांसफर करा लिया था ठगों के विरुद्ध मंझनपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज है पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ई श्रम कार्ड बनाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य समदा चौराहे पर लोगों से ठगी कर रहे हैं सूचना मिलते ही मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ सक्रिय हुए और फोर्स के साथ समदा चौराहे पर पहुंच गए संदिग्ध चारों लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया पकड़े गए आरोपियों में मनीष कुमार पुत्र गया प्रसाद और मनीष सोनकर पुत्र गेंदालाल निवासी कुंडा प्रतापगढ़ रामबाबू साहू पुत्र वासुदेव साहू निवासी कुंडा व विजय कुमार मेहतर पुत्र ओमप्रकाश निवासी थाना कड़ा धाम शामिल है जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### समर्थ किसान पार्टी का धरना प्रदर्शन आज

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में किसानों गरीबों के मुद्दों को लेकर जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में बुधवार 28 सितंबर को जिला पंचायत कार्यालय मंझनपुर ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरजीत वर्मा ने दी है।

### बहन की शादी में लिए उधार रकम को वापस ना देने के बजाय शिक्षक पर लगा रहा युवक आरोप

**कौशांबी।** वक्त जरूरत और मुसीबत पड़ने पर लोगों की मदद करना भी अब गुनाह होता जा रहा है इसी तरह के लोगो के चलते दिक्कत के समय पीड़ित मजलूम की मदद करने को कोई हाथ बढ़ाने की नहीं सोच पाता है पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के भैसा पर पूरब शरीरा का एक व्यक्ति अपनी बहन की शादी के वक्त रकम की जरूरत पड़ जाने पर 11 जून 2020 को शिक्षक से 8 हजार उधार ले गया था जून के महीने में कोविड-19 के चलते लोगों के सामने तमाम दिक्कतें थी इन दिक्कतों को देखते हुए शिक्षक ने युवक की बहन की शादी में रकम उधार देकर मदद कर दी है युवक के बहन की शादी धूमधाम से हो गयी शिक्षक ने अपनी रकम वापस मांगी जिस पर रकम देने के बजाय युवक ने बहानेबाजी शुरू कर दी धीरे-धीरे 2 वर्ष से अधिक का समय बीत गया लेकिन शिक्षक को अपनी रकम वापस नहीं मिल सकी शिक्षक ने अपने उधार की रकम वापस पाने के लिए एक महीने पूर्व पश्चिम शरीरा थाना पुलिस का सहारा लिया थाने में दोनों पक्ष के लोगो के बीच पंचायत हुई बाद में रुपए देने की बात कहकर मामले को टाल दिया गया जिससे रकम उधार लेने वाले युवक पर अमानत में खयानत का मुकदमा नहीं दर्ज हो सका लेकिन उसके बाद उधार रुपए वापस ना देना पड़े इसी सोच के तरह-तरह शिक्षक पर आरोप लगाना शुरू कर दिया गया जिससे शिक्षक आहत हैं।



बैठक करते अपर जिलाधिकारी

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्ताराण प्रगति की एडीएम ने की समीक्षा

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय द्वारा उदयन सभागार में आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों के निस्ताराण के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता एवं गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी निस्तारण आख्या स्वयं पढ़कर ही पोर्टल पर अपलोड करवायें। उन्होने कहा कि शेष लम्बित शिकायतों को 30 सितम्बर 2022 तक अवश्य निस्तारित कर दिया जाय, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वालें अधिकारियों के विरूद्ध जिलाधिकारी द्वारा प्रतिकूल प्रविष्टि आदि कार्यवाही की जायेंगी।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मनीष यादव प्रखर उत्तम व राहुल देव भट्ट, सभी तहसीलदार, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं ई-डी0एम0 कीर्त कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर धर्मा देवी इं.का. के 5 छात्र-छात्राएं करेंगे प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश

**दो खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल और 2 खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल एक खिलाड़ी ने कास्य मेडल जीतकर प्रदेश में विद्यालय का किया नाम रोशन**



मेडल जीतने वाली छात्राएं

**कौशाम्बी।** मेरठ में चल रही 25 सितम्बर से 27 सितम्बर 2022 तक राज्य स्तरीय राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के 5 छात्र छात्राओं ने विभिन्न स्थान अर्जित कर जनपद का नाम रोशन किया और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेगे यश जायसवाल प्रथम स्थान बालक वर्ग सब जूनियर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज ज्योती मौर्या प्रथम स्थान बालिका वर्ग सीनियर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज शेफा फातमा द्वितीय स्थान बालिका वर्ग सब जूनियर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज.खुशबू देवी द्वितीय स्थान बालिका वर्ग जूनियर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज रेशमा देवी तृतीय स्थान बालिका वर्ग जूनियर धर्मा देवी इण्टर कॉलेज को राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिला है समाचार सुनकर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गयी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 रामकिरण त्रिपाठी ने विजेता छात्र छात्राओं को साधुवाद देते हुए उनके भावी राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में अपने राज्य का नाम रोशन करने की शुभकामना दी इसके आलावा विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा बधाई संदेशो का ताँता लगा रहा क्षेत्रीय अभिभावकों ने भी अपनी शुभकामनाएँ दी छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर इस प्रतियोगिता के मार्गदर्शक अध्यापक रामशंकर सिंह ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए भावी प्रतियोगिता के लिये मंगलकामना किया धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के दो खिलाड़ी ज्योति देवी एवम यश जायसवाल ने राइफल शूटिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल हासिल किया इसी विद्यालय की शेफा फातमा, एवम खुशबू देवी दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल तथा रेशमा देवी ने तीसरा स्थान प्राप्तकर कांस्य पदक प्राप्त किया इन पांचों खिलाड़ियों का राष्ट्रीय राइफल प्रतियोगिता में खेलने के लिए चयन हुआ।विद्यालय में बच्चों के अंदर एक जस्न का माहौल है विद्यालय के प्रबंधक श्री रामसुभग त्रिपाठी प्रधानाचार्य डॉ राम किरण त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष मिश्र, खेल सचिव श्यामलाल, मार्गदर्शक शिक्षक रामशंकर सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## निपुण लक्ष्य प्राप्ति में आधारशिला शिक्षण संदर्शिका की भूमिका महत्वपूर्ण : तनुजा त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

**एआरपी , डायट मेंटर और खंड शिक्षा अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन**



निपुण भारत कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक

**कौशाम्बी।** निपुण भारत अभियान के तहत जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में निपुण लक्ष्य की ससमय प्राप्ति हेतु एआरपी , डायट मेंटर और खंड शिक्षा अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को सरस हाल में आयोजित हुई।कार्यशाला की शुरूआत एडी बेसिक तनुजा त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यशाला में एआरपी , डायट मेंटर और खंड शिक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तनुजा त्रिपाठी ने कहा कि निपुण भारत अभियान में बुनियादी शिक्षा तथा संख्या ज्ञान को लेकर जिसमे वर्ष 2026 तक स्कूल में अध्ययनरत कक्षा एक से तीन तक के सभी बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित किए लक्ष्य में निपुण बनाना है।इसमें बच्चों के भाषा तथा गणितीय ज्ञान में दक्ष करना है।लक्ष्य प्राप्ति में आधारशिला शिक्षण संदर्शिका की भूमिका महत्वपूर्ण है।22 सप्ताह की कार्ययोजना को शत प्रतिशत विद्यालयों में लागू कर निपुण लक्ष्य सहज रूप से प्राप्त हो सकते हैं।कार्यक्रम को डायट प्राचार्य अनिल कुमार ने संबोधित करते हुए निपुण मिशन को जन जन तक पहुंचाने हेतु सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एडी बेसिक तनुजा त्रिपाठी का स्वागत किया। बीएसए प्रकाश सिंह ने सभी विद्यालयों में स्वच्छ विद्यालय अभियान को लागू करने हेतु सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश मिश्र ने किया।इस मौके पर जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारी,डायट के प्रवक्ता डॉ.श्वेता त्रिपाठी, डॉ.संदीप त्रिपाठी, अरमा देवी,कौशलेंद्र मिश्र,नीतीश यादव, डॉ. वंदना सिंह,धीरज कुमार सहित समस्त प्रवक्ता और एसआरजी डॉ. दिलीप तिवारी,ओम प्रकाश सिंह व सभी एआरपी मौजूद रहे।

## नवरात्र के पावन पर्व पर पूरे भरवारी कस्बे में भक्ति की बह है रही बयार



दुर्गा पूजा में उपस्थित महिलाएं

**भरवारी कौशांबी।** भरवारी नगर पालिका परिषद नवरात्रि के वक्त भक्ति मय हो गया है पूरे कस्बे में मां के जयकारे लग रहे हैं विद्वान पंडितों द्वारा मां के गुणगान की महिमा बताई जा रही है सुबह से लेकर रात बारह बजे तक कस्बा में भक्त मां दुर्गा के पंडाल में पहुंच रहे हैं और मां की आरती पूजा कर देश समाज के कल्याण की कामना कर रहे है मानो कस्बे में भक्ति की बयार बह चली हैं इस कड़ी में मेहता नगर दुर्गा पूजा समिति में महिलाओं की अत्यधिक संख्या रात्रि वा सुबह मां की भक्ति में लीन दिखाई पड़ती है। वैसे तो कस्बा भरवारी में लगभग दर्जनों स्थानों पर मां दुर्गा की मूर्त्ति पंडालों में जगह जगह सजाई गई है आकर्षक सजावट से मां के पंडाल भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं पानी टंकी स्तिथ मां दुर्गा मंदिर में जगदीश शिवहरे द्वारा भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है पानी टंकी स्थित मां दुर्गा के पंडाल में भजन कीर्तन के साथ साथ कथा वाचक के मुखारविंद से मां की महिमा के गुणगान किए जा रहे हैं जिनके मुखारबिंदु से निकले भजन कीर्तन से लोग मंत्र मुग्ध होकर काफी रात्रि तक भक्तिमय संगीत और मां दुर्गा के गुणगान को सुनने को विवश हो जाते है मां के जयकारे से पांडाल गूंज रहा है। इस बीच सुबह शाम को महिला पुरुष भक्तो की भीड़ देखकर ऐसा किसी मेला से कम नही आका जा सकता है बच्चे बूढ़े भी मां के पंडाल में पहुंच रहे हैं नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पंडाल में अजय कुमार केशरवाणी संजय केसरवानी विजय कुमार अजय केशरवानी उर्फ. बतासा शिव बाबू उर्फ बतासा अनमोल केसरवानी अंशु केसरवानी प्रिंस केसरवानी सुनील कुमार अमित कुमार पंकज कुमार हर्षित नागा तुषार केसरवानी राजू सक्सेना आदि लोग प्रतिदिन मां की पूजा अर्चना करते देखे जाते हैं।

## संपादकीय

# ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचना नारी शक्ति के प्रति देश में बढ़ता अत्याचार चिंताजनक

भारत के गौरवशाली इतिहास में नारी शक्ति की सुरक्षा के लिए ना जाने कितने लोगों ने आदिकाल से ही बलिदान दिये हैं, इतिहास में अनेक ऐसे उदाहरण है जिसमें लोगों ने अनजान नारी के लिए भी अपने प्राणों को दांव पर लगाने में भी कोई संकोच नहीं किया था। वैसे तो देश-दुनिया की हर धर्म व संस्कृति में नारी का विशेष बेहद सम्मानित स्थान माना गया है। लेकिन भारत की बहुसंख्यक आबादी विश्व के सबसे प्राचीन सनातन धर्म की बेहद गौरवशाली संस्कृति में नारी शक्ति के विशेष महत्व का बखान बहुत ज्यादा मिलता है, हमारे बेहद प्राचीन धर्म ग्रंथों, शास्त्रों, वेदों और पुराणों में जगह-जगह नारी शक्ति को बेहद सम्मान जनक रूप से पूजनीय स्थान प्रदान किया गया है, हमारी संस्कृति में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त नारी शक्ति के बारे में मनुस्मृति में क्या खूब कहा गया है कि -

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।

यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ॥ मनुस्मृति 3.56

अर्थात - जिस स्थान पर स्त्रियों की पूजा की जाती है और उनका सत्कार किया जाता है, उस स्थान पर देवता सदा निवास करते हैं और प्रसन्न रहते हैं। जहां ऐसा नहीं होता है, वहां सभी धर्म और कर्म निष्फल होते हैं।

लेकिन उस सबके बाद भी देश में नारी शक्ति के प्रति बढ़ते अपराध सभ्य समाज को झकझोर देने वाले हैं, हाल में घटित लखीमपुर खीरी रेप कांड, उत्तराखंड की मासूम अंकिता हत्याकांड आदि ने एकबार फिर से हम लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या देश में नारी को उपभोग की एक वस्तु मात्र बनाकर रख दिया गया है। वैसे तो देश में नारी शक्ति की पूजा का सबसे बड़ा महापर्व नवरात्रि शुरू हो गये हैं, अष्टमी व नवमी के दिन उपवास खोलने के लिए हम कन्याओं का पूजा करने के लिए लोगों के दर-दर पर जाकर भटकते हुए उनको ढूंढते फिरते हैं। लेकिन बेहद अफसोस की बात यह है कि जिस देश की धर्म व संस्कृति में नारी शक्ति की पल में पल में पूजा होती हो, उसी देश में आज कुछ राक्षसी प्रवृत्ति के दरिंदों की दरिंदगी के चलते लोग आयेदिन अपने कलेजे के टुकड़े बेटियों की चिता जलाने पर मजबूर क्यों हो रहे हैं। हालांकि दिलोदिमाग को बहुत ही बुरी तरह से झकझोर देने वाली इन सभी शर्मनाक घटनाओं पर नारी पर आयेदिन अत्याचार करने वाले लोग भी शर्मिंदा और दुखी होने का जबरदस्त पाखंड व नाटक करते हैं और यह भी दिखाते हैं कि वह नारी शक्ति का बहुत सम्मान करते हैं। वैसे देखा जाए तो देश में बहुत लंबे समय से आयेदिन बेटी अब चिताओं में केवल जल नहीं रही है, बल्कि अब उस चिता में हम लोगों का यह भ्रम भी जल रहा है कि हम एक बहुत ही सभ्य, संजीदा व सुरक्षित समाज में रह रहे हैं। आंकड़ों को देखें तो यह बिल्कुल स्पष्ट है कि पिछले कुछ वर्षों में देश में नारी शक्ति के प्रति विभिन्न प्रकार के छोटे व बड़े अपराधों में बहुत तेजी आ गयी है, लेकिन आज सबसे अहम विचारणीय तथ्य यह है कि आखिरकार देश में ऐसे हालात क्यों बनते जा रहे हैं, इस स्थिति पर हम सभी लोगों को नारी शक्ति के हित में आत्ममंथन करना ही होगा। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में वर्ष 2021 में वर्ष 2020 के मुकाबले नारी शक्ति के खिलाफ अपराधों में 15.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, इन आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के 4,28,278 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज हुए थे। 15.3 प्रतिशत की भारी बढ़ोत्तरी देश में महिला सुरक्षा के तमाम वादों और इरादों से इतर एक अलग बेहद कड़वी व झकझोर देने वाली सच्चाई बयान करती है। वैसे भी इस रिपोर्ट के मुताबिक देश की राजधानी दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा असुरक्षित स्थान है जो सभ्य समाज को बुरी तरह से डराने वाले हालात है।

## 'माँ का तृतीय स्वरूप : चंद्रघण्टा'

नवरात्रि के नौ दिनों में माता के विभिन्न रूपों का स्मरण किया जाता है। उसी क्रम में नवरात्रि के तीसरे दिन माँ चंद्रघण्टा के स्मरण का विधान है। वैसे तो माँ का प्रत्येक स्वरूप अनूठी शक्ति का वरदान है, परंतु यह स्वरूप राक्षसों का संहार करने के लिए प्रसिद्ध है। माँ के 10 हस्त है जिनमें धनुष, त्रिशूल, तलवार, गदा इत्यादि सुशोभित होते है। माँ की दश भुजाएँ पाँच कर्मइंद्रिय और पाँच ज्ञानइंद्रिय की ओर संकेत करती है। यदि मनुष्य इंद्रियों के अधीन रहेगा तो मनोवांछित फल प्राप्त नहीं कर पाएगा, इसीलिए माँ अपने उपासकों को जितेंद्रिय होने की भी प्रेरणा देती है। माँ सिंह पर सवारी करती है। माँ के प्रत्येक स्वरूप की छवि अनुपम, न्यारी, भव्य और शक्ति स्वरूपा है। माँ के मस्तक पर अर्धचंद्र भी दिखाई देता है, इसलिए इन्हें चंद्रघण्टा कहा जाता है। माँ चंद्रघण्टा का स्वरूप मन की चेतना को भी नियंत्रित करने में सहयोगी रहता है। घण्टे की विशेषता होती है कि उसमें ध्वनि कंपन उत्पन्न होता है जोकि सकारात्मक ऊर्जा का जनक है। माँ चंद्रघण्टा का आह्वान भक्त के मन की नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित कर भक्तों को मन की प्रबलता देता है। यहाँ पर चन्द्र हमारे अस्थिर मनोभावों एवं विचारों को प्रदर्शित करता है। यदि मानव विचारों के मायाजाल में फँसा रहेगा तो जीवन में स्थिरता प्राप्त करना मुश्किल होगा।

माँ चंद्रघण्टा हमें विचारों के बोझ से मुक्ति दिलाकर देवीय चेतना की अनुभूति कराती है। माँ चंद्रघण्टा की कृपा अपने भक्तों को एकाग्रता प्रदान कर उनके कष्टों को त्वरित न्यून कर देती है।

जिस प्रकार माँ के स्वरूप में अदम्य साहस और ऊर्जा संचारित होती है वैसे ही साधक भी साहसी और निर्भय हो जाता है। शरीर और वाणी में अजीब सी कान्ति और सौम्यता दिखाई देती है। नवरात्रि प्रथम दिवस हमनें दृढ़ता, द्वितीय दिवस सद्चरित्रता और तृतीय दिवस हमें मन की एकाग्रता प्रदान करता है। ईश्वर सिर्फ और सिर्फ विश्वास एवं प्रेम से मिलते है, इसलिए पूर्व विश्वास से माँ के प्रत्येक स्वरूप की सच्चे हृदय से आराधना कर जीवन में सुख, शांति, खुशहाली एवं शक्ति प्राप्त करें।

**डॉ. रीना रवि मालपानी (कवयित्री एवं लेखिका)**

# लापरवाही और चटोरी जुबान कर रही हृदय पर आघात

**(विश्व हृदय दिवस विशेष - 29 सितंबर 2022)**



अक्सर लोग कहते है कि बीमारियां बहुत बढ़ गई है, जिंदगी का कोई भरोसा नहीं है, एकदम सही बात है, परन्तु इसके पीछे के कारण भी पता है? इसके लिए भी अधिकतर हम खुद ही जिम्मेदार है। हम खुद ही पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करके सुरक्षित खाद्य पदार्थों से दूरी बना रहे है। जो आसानी से मिलता है वही खाते है। अब तो अनाज भी लोगों को पॉलिश किया हुआ ही चाहिए, हर चीज सुन्दर दिखनी चाहिए चाहे उसमे गुणवत्ता हो या ना हो। बढ़ते आधुनिक संसाधन के कारण मनुष्य वैसे ही बहुत आलसी और कमजोर हो गया है।

आज का आधुनिक युग विज्ञान के क्षेत्र में लगातार तरक्की कर रहा है लेकिन मानव जीवन विकास में खराब स्तर पर आगे बढ़ रहा है, देश की वायु इतनी दूषित है कि यहां पर मानव की औसत उम्र 6.3 वर्ष से कम हो जाती है और सभी हृदवाहिनी रोगों के मौतों में से 25% के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। हर साल 29 सितंबर को "विश्व हृदय दिवस" बढ़ते हृदय रोगों के बारे में जनजागृति हेतु दुनिया भर में मनाया जाता है। इस साल 2022 की थीम "हर दिल के लिए दिल का इस्तेमाल करें" यह है। मधुमेह, मेटाबोलिक सिंड्रोम, उच्च रक्तचाप, नशे के बढ़ते सेवन, गतिहीन जीवन शैली, खराब आहार और धूम्रपान की उच्च दर ये हृदय रोग के लिए प्रमुख जोखिम कारक हैं। आधुनिक जीवनशैली और मोबाइल ने लोगों की नींद छीन ली है। स्वस्थ दिल के लिए अच्छी नींद बेहद जरूरी है, पर्याप्त नींद नहीं लेना हृदय रोग के खतरे को बढ़ाता है। हृदय रोग घातक है, लक्षण नजर आते ही तुरंत चिकित्सक से सलाह लेना चाहिए, बहुत बार स्वस्थ व्यक्ति भी नींद में अपनी जान गवां देता है क्योकि इसके पीछे कोरोनरी आर्टरी डिजीज और हाई ब्लड प्रेशर साइलेंट किलर की तरह काम करता है। हर 40 सेकंड में, एक वयस्क की मौत दिल का दौरा, स्ट्रोक, या हृदय रोग (सीवीडी) के अन्य प्रतिकूल परिणामों से होती है। पिछले 20 वर्षों में दिल के दौरे से पीड़ित लोगों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। देश में मिलावटखोरी की समस्या लगातार बढ़ रही है और त्योहारों में तो मिलावटखोरी चरम पर होती है, नशाखोरी भी बहुत बढ़ रही है। चटोरी जुबान की इच्छा पूर्ति के लिए हजारों नए-नए व्यंजन आ गए है, लेकिन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक आवश्यक प्रोटीन, विटामिन्स, पोषक तत्व इनमें से नदारद है, उलटे उनमे समाविष्ट घातक रसायन और निकृष्ट तत्व स्वस्थ शरीर को खराब कर रहे है। इंसान स्वास्थ्य के हिसाब से खाद्य पदार्थ का चयन नहीं करता है, बल्कि जुबान के स्वाद के हिसाब से चयन करता है। किस खाद्य पदार्थ में कितनी कैलोरी है? हम कितनी कैलोरी बर्न करते है? यह कितना फायदेमंद है? इनमें कौन-से पोषक तत्व है? शरीर के लिए आवश्यक कौन-से पोषक तत्व की कितनी जरूरत है? इनके बारे में कोई विचार करना ही नहीं चाहता और लोग बेपरवाह होकर बड़े चटकारे लेकर ऐसे खाद्य पदार्थों की दावत उड़ाते है, आज की आधुनिक पीढ़ी को यह कुछ ज्यादा ही भाता है।

अक्सर लोग कहते है कि बीमारियां बहुत बढ़ गई है, जिंदगी का कोई भरोसा नहीं है, एकदम सही बात है, परन्तु इसके पीछे के कारण भी पता है? इसके लिए भी अधिकतर हम खुद ही जिम्मेदार है। हम खुद ही पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करके सुरक्षित खाद्य पदार्थों से दूरी बना रहे है। जो आसानी से मिलता है वही खाते है। अब तो अनाज भी लोगों को पॉलिश किया हुआ ही चाहिए, हर चीज सुन्दर दिखनी चाहिए चाहे उसमे गुणवत्ता हो या ना हो। बढ़ते आधुनिक संसाधन के कारण मनुष्य वैसे ही बहुत आलसी और कमजोर हो गया है। लोगों को अब साईकल सिर्फ जिम में चलानी अच्छी लगती है, सड़को पर साईकिल चलाने में शर्म महसूस होती है। घर में सदस्यों से ज्यादा गाड़ियां होती है, हर तरफ चौराहों और सड़कों पर शोर, जाम नजर आता है। पर्यावरण और अच्छे स्वास्थ्य के बारे में विचार करने के लिए किसी के पास समय नहीं है। हर कोई दूसरों को दोष देने में व्यस्त है, परन्तु क्या हम अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे है? ऐसे माहौल में सहज है कि चिड़चिड़ापन, तनावपूर्ण जीवन जिएंगे। हमारे व्यवहार, खान-पान, वातावरण का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है, जो गंभीर बीमारियों को जन्म देती है, जिसे काफी हद तक हम अपनी सजगता और समझदारी से टाल सकते है।

विश्व स्तर पर हृदय रोग मृत्यु का नंबर 1 कारण है। हर 3 में से 1 मौत हृदय वाहिनी रोगों के कारण होती है, सावधानी और जागरूकता द्वारा हम अधिकांश हृदय रोगों को रोक सकते है। साल 2019 में, पूरी दुनिया में सभी प्रकार के हृदय रोगों से लगभग 17.9 मिलियन मौतें हुईं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन 2022 अनुसार, 2020 में सेरेब्रोवास्कुलर रोग से दुनिया भर में 7 मिलियन मौतें हुईं। सीवीडी से होने वाली 80% मौतें निम्न से मध्यम आय वाले देशों में होती हैं। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र 2022 अनुसार, यू.एस. में प्रति वर्ष लगभग 697,000 मौतें होती हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन 2019 अनुसार, लगभग 121.5 मिलियन अमेरिकी वयस्क हृदय रोग से पीड़ित है। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन 2019 अनुसार, 2030 में प्रतिवर्ष 23 मिलियन से अधिक सीवीडी से संबंधित मौतों की संभावना है और सीवीडी की लागत 1,044 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

2016 में, भारत में सीवीडी की अनुमानित व्यापकता 54.5 मिलियन थी। हर साल देश में लगभग 1.5 मिलियन लोग हृदय रोग से जान गवाते हैं।

इंडियन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, भारतीय पुरुषों में होने वाले सभी हार्ट अटैक का 50% यह 50 वर्ष से कम आयु में होता है।

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के अनुसार, भारत में सभी मौतों में से लगभग एक चौथाई (24.8 प्रतिशत) सीवीडी के कारण होती है। इस्केमिक हृदय रोग के मामले में, पंजाब, तमिलनाडु और हरियाणा में सबसे आगे है जबकि मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय सबसे पीछे है। हृदय रोगों की बीमारी बहुत तेजी में बढ़ रही है, अब तो ऐसा लगता है कि पूरे देश में हृदय रोग आम बीमारियों की श्रेणी में आ गया है। पिछले वर्ष चीन में हृदय रोगों से होने वाली मौतों की संख्या सबसे अधिक थी, इसके बाद भारत, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और इंडोनेशिया का स्थान था। अध्ययन से पता चला है कि पश्चिमी देशों के लोगों के मुकाबले कम से कम 10 साल पहले भारतीय हृदय रोग से पीड़ित होते हैं।

ब्रेड, पास्ता, पिज्जा, मक्खन, फुल-फैट दही, फ्रेंच फ्राइज, फ्राइड चिकन, लाल मांस, सोडा, प्रोसेस्ड मीट, डिब्बाबंद सूप, आइसक्रीम, आलू चिप्स, स्नैक्स, कैंडी, शीतल पेय, शक्कर युक्त खाद्य, कुकीज, पेस्ट्री, फास्ट-फूड बर्गर, पनीर, जैरेड टमाटर सॉस, कॉफी क्रीम, केचप, डिब्बाबंद खाद्यपदार्थ, बेक्ड खाद्य पदार्थ, डीप-फ्राइड खाद्य पदार्थ, साथ ही नशीले पदार्थ अल्कोहल, तंबाकू व अन्य हमारे दिल और शरीर के लिए नुकसानदायक है। ऐसे खाद्य पदार्थों में उच्च मात्रा में नमक, चीनी, संतृप्त वसा, परिष्कृत कार्ब्स, और घातक रसायन होते है जो दिल के दौरे या स्ट्रोक के लिए जोखिम बढ़ाते हैं। खाद्य तेल, नमक, शक्कर, मैदे से तैयार पदार्थों का सेवन ना के बराबर होना चाहिए, सभवतः ताजा खाना, दाले, अंकुरित अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल खाए। विश्व का सबसे अच्छा पेय शुद्ध सादा पानी है, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। 7-8 घंटो की पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। हर उम्र के लोगों ने शारीरिक व्यायाम रोज करना बहुत जरूरी है। सुंदर प्रकृति स्वास्थ्यकर वातावरण निर्माण करती है, पर्यावरण को बनाये रखने के लिए सभी का सहभाग आवश्यक है। अपने संपूर्ण आहार पर ध्यान देना आज के समय में सबसे बड़ी बुद्धिमानी है। तनाव मुक्त जीवन के लिए हेल्दी हॉबी, खेल, समाजसेवा, पर्यावरण और पशुओं की सेवा जैसे काम निःस्वार्थ भाव से करना चाहिए अर्थात हर दिल ने हर दिल के लिए काम करना चाहिए। जागरूक रहें, अच्छा खाएं, स्वस्थ रहें और अपने दिल का ख्याल रखिए।

# अपने ही बनाये इंद्रजाल में फंस गए गहलोत ??

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राजनीति का एक ऐसा जादूगर माना जाता है जो अपने राजनीतिक कुशलता के बल पर अंतिम समय में बिगड़ी बाजी को बना सकते हैं। अपने राजनीतिक सूझबूझ व कौशल के बल पर ही अशोक गहलोत ने राजनीति के मैदान में एक लंबी पारी खेली है। उसी की बदौलत वो शीघ्र ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले हैं। मुख्यमंत्री, केंद्र में मंत्री, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तो बहुत से नेता बनते रहे हैं। मगर कांग्रेस जैसी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना अपने आप में बहुत बड़े गौरव की बात है।

कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा अशोक गहलोत का नाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुना जाना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए भी फक्र की बात है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अशोक गहलोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी जैसे दिग्गज नेताओं की कतार में शामिल हो जाएंगे।

मगर कहते हैं ना की राजनीतिक को संभावनाओं का खेल माना जाता है। इसमें कब क्या हो जाए कोई कह नहीं सकता है। ऐसा ही वाकिया पिछले दो दिनों से राजस्थान में घट रहा है। अशोक गहलोत के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले उनको मुख्यमंत्री का पद छोड़ना था। इस बाबत उनकी कांग्रेस आलाकमान के नेताओं से बात हो चुकी थी। उनके द्वारा निर्धारित किए गए समय पर ही कांग्रेस आलाकमान ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मलिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राजस्थान के प्रभारी अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर जयपुर भेजा था। पर्यवेक्षकों को जयपुर में सभी विधायकों से व्यक्तिगत बात करके अशोक गहलोत के स्थान पर नए नेता के नाम की रायशुमारी करनी थी।

मगर कांग्रेस आलाकमान द्वारा भेजे गए दोनों पर्यवेक्षकों के जयपुर आने के बाद पूरा खेल ही बदल गया। मुख्यमंत्री आवास पर पहले से निर्धारित विधायक दल की मीटिंग में गहलोत समर्थक एक भी विधायक नहीं पहुंचा। बल्कि उन्होंने अनाधिकृत रूप से स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के आवास पर एक समानांतर बैठक का आयोजन किया। जिसमें गहलोत समर्थकों ने एक सुर में कांग्रेस आलाकमान के पर्यवेक्षकों द्वारा आयोजित मीटिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यदि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो वह पार्टी से इस्तीफा दे देंगे। शांति धारीवाल के आवास पर उपस्थित करीबन 90 विधायकों ने अपने त्यागपत्र विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के घर जाकर उनको सौंप दिये।

उधर पार्टी पर्यवेक्षक खड़गे व माकन मुख्यमंत्री आवास पर देर रात तक विधायकों के आने का इंतजार करते रहे। मगर उन्हें वहां से खाली हाथ ही लौटना पड़ा। अगले दिन उस होटल में जहां दोनों पर्यवेक्षक ठहरे हुए थे वहां गहलोत समर्थक विधायक को की तरफ से राजस्थान सरकार में वरिष्ठ मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी व प्रताप सिंह खाचरियावास के रूप में एक प्रतिनिधिमंडल मिला और उनके सामने अपनी तीन मांगे रखी। जिनमें पहली सचिन पायलट या उनके समर्थक किसी भी विधायक को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाए। दूसरी मांग जो 102 विधायक सचिन पायलट की बगावत के समय अशोक गहलोत के साथ थे उनमें से ही किसी विधायक को मुख्यमंत्री बनाया जाए। तीसरी मांग विधायक दल की बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन होने के बाद 18 अक्टूबर के बाद बुलाई जाए।

जयपुर से दिल्ली रवाना होने से पूर्व राजस्थान के प्रभारी महासचिव व पर्यवेक्षक अजय माकन ने पत्रकारों को बताया कि गहलोत गुट की तरफ से जो तीन मंत्री उनसे मिलने के लिए आए थे। उन्होंने अपनी 3 सूत्री मांगों के बारे में चर्चा की तो मैंने उनको कहा कि हम पार्टी आलाकमान के निर्देश पर जयपुर आए हैं और हम दोनों नेता एक-एक कर सभी विधायकों की राय जानना चाहते हैं।

उस पर तीनों नेताओं ने कहा कि हमारे समर्थक विधायक व्यक्तिगत ना मिलकर समूह में मिलेंगे। इस पर माकन ने कहा कि हम किसी की शर्तों पर रायशुमारी नहीं करेंगे। मौजूदा हालात की जो रिपोर्ट है वह पार्टी अध्यक्ष को सौंप देंगे। पत्रकारों के सवालों के जवाब में माकन ने कहा कि गहलोत समर्थक नेताओं द्वारा किया जा रहा बर्ताव प्रथम दृष्टया पार्टी अनुशासनहीनता का है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 2018 के बाद से ही सचिन पायलट को साइड लाइन करने में लगे हुए हैं। 2020 में तो ऐसी परिस्थितियां बना दी गई थी कि मजबूर होकर सचिन पायलट को पार्टी से बगावत तक करनी पड़ी थी। मगर बाद में आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद स्थितियां सामान्य हो गई थी और सचिन पायलट भी पार्टी में पहले की तरह ही काम करने लगे थे। लेकिन मुख्यमंत्री गहलोत को जब भी मौका मिलता वह पायलट को नीचा दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ रहे थे।

हाल ही में जब गहलोत का नाम पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के लिए सामने आया तो उनका पूरा प्रयास था कि वो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही मुख्यमंत्री का काम भी करते रहें। मगर कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत कड़ाई से लागू करने की बात पर उन्होंने अपने समर्थक किसी विधायक को मुख्यमंत्री बनाने के प्रयास शुरू कर दिए। जब उनको लगा कि कांग्रेस आलाकमान 2020 में सचिन पायलट को आगे चलकर मुख्यमंत्री बनाने का वायदा अब पूरा कर सकता है तो उन्होंने अपने समर्थकों से एक नया राजनीति खेल करवा दिया।

राजस्थान कांग्रेस में चल रहे घटनाक्रम से पूरे देश में कांग्रेस की छवि पर विपरीत असर पड़ रहा है। एक तरफ तो राहुल गांधी हजारों किलोमीटर की भारत जोड़ो पदयात्रा कर कांग्रेस का खोया जनाधार फिर से पाने के लिए लगातार पसीना बहा कर मेहनत कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अशोक गहलोत जैसा बड़ा नेता जो पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहा है। उनके द्वारा ऐसी घटना को अंजाम देना सीधे आलाकमान को चुनौती देने के समान है। गहलोत समर्थक लगातार कह रहे हैं कि हम कांग्रेस आलाकमान के हर निर्देश को मानेंगे। लेकिन आलाकमान के भेजे हुए पर्यवेक्षकों से उन्होंने मिलना तक गवारा नहीं समझा। अपने समर्थक विधायकों से पायलट का विरोध करवा रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इतना आगे बढ़ गए कि उन्होंने पायलट के साथ ही केंद्रीय नेतृत्व को भी चुनौती दे डाली। उनको ध्यान ही नहीं रहा कि उनके द्वारा की जा रही कार्यवाही का खामियाजा कांग्रेस पार्टी को पूरे देश में उठाना पड़ेगा। आगे हर कोई भी नेता पार्टी से बगावत करने लगेगा। हर कोई आलाकमान को आंख दिखाने लगेगा।

# सपनों को साकार करने का संकल्प

**-सौरभ मालवीय**

किसी भी देश, समाज एवं राष्ट्र के विकास की प्रक्रिया के आधारभूत तत्व मानवता, समुदाय, परिवार एवं व्यक्ति ही केंद्र में होता है, जिससे वहां के लोग आपसी भाईचारे से अपनी विकास की नैया को आगे बढ़ाते हैं तथा सुख एवं समृद्धि प्राप्त करते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्हीं मूल तत्वों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। देश में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आए हुए आठ वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां विश्वभर के अनेक देशों में यात्राएं कर उनसे संबंध प्रगाढ़ बनाने का प्रयास किया है, वहीं देश में लोगों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास के लिए जनकल्याण की अनेक योजनाएं प्रारम्भ की हैं। इस समय देश में लगभग डेढ़ सौ योजनाएं चल रही हैं। मोदी सरकार ने विकास का नारा दिया और विकास को ही प्राथमिकता दी। परिणामस्वरूप देश में चहुंओर विकास की गंगा बह रही है तथा मोदी ही मोदी के जयकारे गूंज रहे हैं।

श्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में देश के अंतिम व्यक्ति तक के जीवन को सुखी एवं समृद्ध करने के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मोदी के शासन में देश ने लगभग सभी क्षेत्रों में उन्नति की है। कृषि, उद्योग, रोजगार, आवास, परिवहन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था, धर्म, संस्कृति, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में योगी सरकार ने सराहनीय कार्य किए हैं। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजन को पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अनाथ बच्चों के भरण-पोषण की भी व्यवस्था की गई है। जिन परिवारों में कोई कमाने वाला व्यक्ति नहीं है, सरकार उन्हें भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। निर्धन परिवार की लड़कियों एवं दिव्यांगजन के विवाह लिए अनुदान प्रदान किया जा रहा है। निराश्रित गौवंश के संरक्षण पर भी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। निःसंदेह सरकार अपने वादों पर शत-प्रतिशत खरी उतरी है।

वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को सर्वोपरि कहते नहीं, अपितु उसे जीते हैं। पिछले कुछ दशकों में भारतीय जनमानस का मनोबल टूट गया था, परन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को नये स्वप्न दिखाए तथा उनमें उनमें रंग भरे। अब लोगों के मनोबल की स्थिति यह है कि उनकी उड़ान दिन-प्रतिदिन ऊंची होती जा रही है, उनके सपनों को नये पंख मिल गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि एक बार जब हम संकल्प करते हैं तो हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लेते हैं। हमें दूसरों की नकल करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। जब हम अपनी जड़ों से जुड़े होते हैं, तब ही हम ऊंची उड़ान भर सकते हैं, जब हम ऊंची उड़ान भरेंगे तो संपूर्ण विश्व समस्याओं से निपटने का समाधान देंगे।

श्री नरेंद्र मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया है। वह दिन-रात्रि देश के लिए ही सोचते हैं, तभी तो अपने जन्मदिन को भी उन्होंने देश सेवा का माध्यम बना दिया। उनके जन्मदिवस 17 सितम्बर के उपलक्ष्य में देशभर में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोगों को स्वच्छता का महत्त्व बताया जा रहा है तथा विभिन्न क्षेत्रों की सफाई की जा रही है। साथ ही हरित पर्यावरण एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा पर बल दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्लास्टिक कचरे के उन्मूलन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों में एवं अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई जा रही है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे इस पखवाड़े की देशभर में सराहना हो रही है, क्योंकि प्रधानमंत्री का जन्मदिन केवल व्यक्तिगत आयोजन न होकर देश और समाज के हित के कार्य करने का माध्यम बन गया है।

वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को एक जन आन्दोलन में परिवर्तित कर दिया है और उसमें पूरे समाज की व्यापक भागीदारी हो रही है। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसका उद्देश्य व्यक्ति, क्लस्टर और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के माध्यम से खुले में शौच की समस्या को समाप्त करना है। यह अभियान शहरों और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर, 2014 को दिल्ली के मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के समीप स्वयं झाड़ू उठाकर स्वच्छ भारत अभियान का प्रारम्भ किया था। इसके पश्चात वह वाल्मिकी बस्ती गए तथा वहां भी झाड़ू लगाई एवं कूड़ा उठाया। मोदी सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के प्रथम चरण में ही 10.71 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया। आठ वर्ष पूर्व जब प्रधानमंत्री ने यह अभियान प्रारम्भ किया था, तब 10 में से केवल चार घरों में ही शौचालय थे। स्वच्छ भारत अभियान लागू होने के पश्चात शौचालय के निर्माण में बढ़ोतरी होती गई, क्योंकि सरकार शौचालय बनवाने के लिए लोगों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान की सराहना की जा रही है। यूनिसेफ के कार्यकारी निदेशक हेनरीएटा फोर ने स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे मुद्दों में 'राजनीतिक समय और प्रयासों' का निवेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक समय और प्रयास का निवेश स्वच्छता जैसे मुद्दों में किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान महात्मा गांधी को समर्पित किया, देशवासियों का समर्पित किया और उन्हें इसमें गर्व की अनुभूति हुई। स्वच्छत भारत अभियान के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि गांधीजी के दो सपनों भारत छोड़ो और स्वच्छ भारत में से एक को साकार करने में लोगों ने सहायता की, अपितु स्वच्छ भारत का दूसरा सपना अब भी पूरा होना शेष है। उन्होंने कहा कि एक भारतीय नागरिक होने के नाते यह हमारा सामाजिक दायित्व है कि हम उनके स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करें। प्रधानमंत्री ने देश की सभी पिछली सरकारों और सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा स्वच्छता को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारत को स्वच्छ बनाने का काम किसी एक व्यक्ति या अकेले सरकार का नहीं है, यह कार्य तो देश के 125 करोड़ लोगों द्वारा किया जाना है जो भारत माता के पुत्र-पुत्रियां हैं। स्वच्छ भारत अभियान को एक जन आंदोलन में परिवर्तित करना चाहिए।

# मोदी की अगुवाई में देश बना समर्थ भारतः जितेन्द्र सिंह सेंगर

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचास वर्षों के सार्वजनिक जीवन तथा बीस वर्षों के लोकतांत्रिक प्रशासनिक जीवन पर युवा छात्रों के साथ सेमिनार मोदी बीस ड्रीमस डिलेवरी में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा महोबा जिलाध्यक्ष/एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय व मां सरस्वती के चित्रों पर पुष्प व दीप जलाकर शुभारम्भ किया।

मंगलवार को राजकीय डिग्री कालेज मानिकपुर सभागार में



बतौर मुख्य अतिथि जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कहा कि भाजपा ने सभी वर्गों व जातियों को आगे बढाने का काम किया है। अन्तिम पायदान में खडे लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया है। महिलाओं को मजबूत कर उनमें नेतृत्व का अवसर मोदी ने दिया है। भारत आज आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डिग्री कालेज मानिकपुर के प्राचार्य डॉ दुर्गेश शुक्ल ने कहा कि मोदी जी अन्य प्रधानमंत्रियों से अलग हैं। उनकी नीतियां व निर्णय से जाहिर है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हो या योजना आयोग की जगह नीति आयोग हो। सभी निर्णय ऐतिहासिक हैं। बतौर विशिष्ट अतिथि अनुसूचित जाति समाज के राष्ट्रवादी छात्र नेता आशीष कोल ने कहा कि मोदी ने समाज व राष्ट्र तथा संगठन को मजबूत किया है। संगोष्ठी के संयोजक जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि मोदी का जीवन स्वप्न व संकल्प को धरातलीय रुप देने में जीवंत उदाहरण है। संचालन महामंत्री राजेश जायसवाल ने किया। सेमिनार में नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद द्विवेदी, डॉ सुनील मिश्रा, डॉ कीर्ति शुक्ला, अखिलेश रैकवार, राघव अग्रवाल, श्रद्धांशु तिवारी, पुरुषोत्तम अग्रहरि, दिव्या त्रिपाठी,विनीता द्विवेदी, राखी चैबे, घनश्याम गुप्ता, गणेश सिंह, सचिदानन्द द्विवेदी, अभिलाष जायसवाल, आनन्द द्विवेदी, जितेन्द्र मोहन शुक्ला, नारायण अहिरवार, प्रमोद, शशांक रावत, गायत्री कोल, लक्ष्मी सिंह आदि छात्र-छात्रायें सहभागी रहे।

# पीएम मोदी पर निबंध प्रतियोगिता में पांच हजार छात्रों ने लिया हिस्सा

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन सेवा पखवाडा के तहत चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में पांच हजार छात्र-छात्राओं ने मोदी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

मंगलवार को चित्रकूट इंटर कालेज में निबंध प्रतियोगिता का निरीक्षण सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान के साथ किया। मोदी के जीवन पर प्रधानमंत्री के जन्म से लेकर पीएम की कुर्सी पाने तक की कहानी का उल्लेख छात्र-छात्राओं ने निबंध में किया। कक्षा छह से आठ, कक्षा नौ से 12 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय



निबंध लिखने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे को प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ निबंध लिखने वाले तीन प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व सौ अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा।

निबंधन प्रतियोगिता संपादित कराने में परीक्षा प्रभारी श्रीनिवास त्रिपाठी, फूलचन्द्र चन्द्रवंशी, विजय कुमार पाण्डेय, बीपी निर्मल, राजेश्वर प्रसाद, शंकर यादव, रमेश पटेल व भाजपा नेता शक्तिप्रताप सिंह तोमर तथा सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# लालापुर में बनेगा बाल्मीकि संग्रहालयः डीएम

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बाल्मीकि आश्रम लालापुर में पर्यटन विकास से चिन्हित स्थलों का औचक निरीक्षण कर संस्कृत विद्यालय के पास संग्रहालय बनाने को कहा।

मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बाल्मीकि आश्रम का निरीक्षण कर कहा कि टूरिज्म हाल, वेटिंग हाल, ठहरने और पार्किंग की व्यस्था के साथ बाल्मीकि जी के जीवन दर्शन पर म्यूजियम में चित्रण किया जायेगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि संस्कृत विभाग से बात कर उसी के हिसाब से जमीन का अधिगृहण किया जायेगा। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि सौ व्यक्तियाओं के ठहरने की व्यवस्था की जायेगी। बाल्मीकि आश्रम के पास रोड, बस स्टाप,




पीने के पानी की व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आर्किटेक्ट बुलाकर खाका तैयार करा लें। रोपवे के लिए बात कर लें कि कितनी जमीन चाहिए। बाल्मीकि मन्दिर तथा असावर माता के मन्दिर में विधिवत पूजन-अर्चन किया। बाल्मीकि मन्दिर में बनी गुफाओं के भी दर्शन किये। सीता रसोई भी देखी। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव व वन विभाग की एनओसी पर बैठक करने को कहा। इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक झांसी केके सिंह, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, डीएफओ आरके दीक्षित, तहसीलदार राजेश कुमार, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी एसके शुक्ला, थानाध्यक्ष रैपुरा, राकेश मौर्य, बाल्मीकि आश्रम के महंत भरत दास, प्रधान केदारनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# कैकेई ने मांगा: राम को वनवास, भरत को राजगद्दी

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
रामलीला मंच पुरानी बाजार में रामवनगमन लीला के मंचन में माता कैकेई ने राजा दशरथ से कोप भवन में जाकर दो वरदान मांगे।

सोमवार की रात हुए रामवनगमन लीला मंचन में महाराज दशरथ को कैकेई के कोप भवन में जाने की बात पता चली तो वह मनाने पहुंचे। आरोप-प्रत्यारोप के बाद कैकेई ने महाराज को याद दिलाया कि देवलोक में युद्ध दौरान विजयी होने के बाद दो वरदान देने को कहा था। अब समय आ गया है पहले वरदान के फलस्वरुप भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास दूसरे वरदान में पुत्र भरत को अयोध्या का राजपठ दिया जाये।

यह सुनते ही दशरथ कटे पेड की तरह गिर पडे। उन्होंने



महारानी को बहुत समझाने का प्रयास किया। रानी के न मानने पर महाराज की चिन्ता का कारण भगवान राम को जैसे ही पता चला वे स्वयं वनवास जाने को खुद तैयार हो गये। राजा दशरथ के न चाहते हुए भी वचन का मान रखते हुए राम को 14 वर्ष के वनवास की आज्ञा दे दी। भगवान राम को वनवास जाता देख लक्ष्मण व देवी सीता भी साथ चल दिये। उन्हें जाता देख पूरी अयोध्या के नर-नारी भी साथ चलने लगे। भगवान राम ने समझा-बुझाकर सभी को लौटा दिया।

ये करुण रस की लीला देखने को भारी बारिश के बीच सैकडों की तादाद में दर्शक मौजूद रहे। राजा दशरथ के करुण विलाप में दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शक रोते नजर आये। अयोध्या से निकलने के बाद भगवान राम गंगा के तट प्रयागराज पहुंचे। उनकी मुलाकात ऋषि भरद्वाज से हुई। ऋषि की सलाह से विभिन्न स्थानों से घूमते हुए भगवान राम चित्रकूट आये। उधर राजा दशरथ भगवान राम का वियोग सह नहीं सके और अपने प्राण त्याग दिये। लीला के मंचन में आदर्श रामलीला मंडल बांदा के कलाकारों ने धुस मैदान स्थित रामलीला भवन में रामलीला के तमाम वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकताओं की मौजूदगी में मंचन किया।

# भगवान राम के शो से मिलेगा पर्यटकों को बढ़ावाः सांसद आरके सिंह पटेल

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत रामायण दर्शन एवं डिजिटल गैलरी का शुभारम्भ सांसद आरके सिंह पटेल ने किया।

मंगलवार को परिक्रमा मार्ग में स्थित रामायण दर्शन का शुभारम्भ सांसद आरके सिंह पटेल के करने पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि रामायण दर्शन शो प्रभु श्रीरामचन्द्र के जीवन पर आधारित



शो है। आम जनता गुरुवार अवकाश को छोडकर प्रतिदिन 11 बजे, एक बजे, तीन बजे एवं पांच बजे शो देख सकती है। टिकट दरें बीस रुपया व दस रुपया तथा पांच वर्ष तक के बच्चों का प्रवेश निःशुल्क होगा। शो की अवधि 35 मिनट की है। पर्यटन विभाग से संचालित ये शो जिले के पर्यटन को नये आयाम देगा। भविष्य में पर्यटकों को एक दर्शनीय स्थल साबित होगा। सांसद ने कहा कि इससे क्षेत्र में पर्यटकों के आवागमन को बढावा मिलेगा। लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे आदि मौजूद रहे।

# 11 हजार नेत्र रोगियों का हुआ परीक्षण



**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
गौरव दिवस के तहत जिला प्रशासन सतना एवं सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड ने चित्रकूट क्षेत्र में अंधभक्त मुक्त अभियान का शुभारंभ किया।
मंगलवार को सती अनुसुइया, गुप्त गोदावरी, चैबेपुर, पाल देव, प्रमोद वन, सिरसा वन, कामता, नयागांव आदि क्षेत्रों में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड की टीमें घर-घर जाकर नेत्र परीक्षण कर रही हैं। कुल 44 टीमें प्रथम चरण में लगभग 11000 लोगों का नेत्र परीक्षण कर चुकी हैं। लगभग 70 लोगों के नेत्र संबंधी ऑपरेशन हो चुके हैं। घर-घर जाकर नेत्र परीक्षण अभियान एक अक्टूबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में पार्षद, एएनम, आशा, आंगनवाडी की सराहनीय भूमिका है।
प्रथम चरण के कार्यक्रम को एसडीएम मझगवां पीएस त्रिपाठी, सीएमओ नगर परिषद विशाल सिंह, एसडीओपी आशीष जैन, आरआई सत्यप्रकाश मिश्र, ट्रस्टी डॉ बीके जैन, चिकित्सा अधीक्षक डॉ आलोक सेन ने हरीझण्डी दिखाकर नेत्र परीक्षण टीमों को परीक्षण के लिए रवाना किया।

## दो हत्यारोपियों को हुआ आजीवन कारावास

**चित्रकूट। अखंड भारत संदेश**
जिले के अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी कोर्ट के विनीत कुमार पाण्डेय ने मऊ थाने में दर्ज हत्या के आरोपी चुनकाई व रामबली पुत्रगण बदलू उर्फ श्रीनाथ केवट निवासी बरियारीकला को आजीवन कारावास व बीस-बीस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह व पैरोकार आनन्द कुमार ने अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी की अदालत में चल रहे हत्या के मामले में समय से गवाहों की पेशी कराई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपालदास व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद एफटीसी न्यायाधीश दिलीप कुमार पाण्डेय ने हत्या के मामले में आरोपी चुनकाई व रामबली को दोषसिद्ध करार दिया।

# भारत ने महिला अंतरराष्ट्रीय टेंट पेगिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** जॉर्डन में महिला अंतरराष्ट्रीय टेंट पेगिंग चैंपियनशिप में कप्तान रितिका दहिया, प्रियंका भारद्वाज और खुशी सिंह की भारतीय तिकड़ी ने देश के लिए कांस्य पदक जीता। इस प्रतियोगिता में भारत का यह पहला पदक है।

प्रतियोगिता में कुल 14 देशों ने प्रतिस्पर्धा की और भारतीय टीम ने 136 अंकों के साथ अपने पदार्पण पर कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता का स्वर्ण दक्षिण अफ्रीका (170.5) ने और रजत ओमान (146) ने जीता।

प्रतियोगिता के पहले दिन, दहिया और भारद्वाज ने व्यक्तिगत और जोड़ी लांस स्पर्धाओं में भाग लिया। टीम पहले दिन प्रतियोगिता के अंत तक सातवें स्थान पर थी। दूसरे दिन, टीम ने व्यक्तिगत और टीम स्वार्ड स्पर्धाओं में भाग लिया



और 24 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत स्पर्धा में खुशी सिंह ने 18 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया।

दूसरे दिन अच्छे प्रदर्शन के साथ भारत ओवरऑल टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गया। तीसरे दिन, टीम ने रिंग, पेग और स्वार्ड स्पर्धा में भाग लिया और दूसरे स्थान पर रही। लगातार अच्छे प्रदर्शन ने भारत को इंटरनेशनल टेंट पेगिंग फेडरेशन इवेंट में ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाया।

**क्या है टेंट पेगिंग..**
टेंट पेगिंग करीब 2400 साल पुराना खेल है। यह सिंगल्स, डबल्स और टीम स्तर पर खेला जाता है। एक टीम में चार खिलाड़ी होते हैं। इसमें घुड़सवार को भाले या तलवार से लकड़ी के ब्लॉक को हिट करना होता है। टेंट पेगिंग बेहद खतरनाक खेल है। करीब 20त्न खिलाड़ी चोट के कारण करिअर के बीच में ही खेल छोड़ देते हैं।

# कोहली की ऐतिहासिक उपलब्धि, सफेद गेंद क्रिकेट में 16,000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

**हैदराबाद।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली सफेद गेंद क्रिकेट में 16,000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान इस मुकाम पर पहुंचे।

मैच में 187 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने 48 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट भी 131.25 का था। कोहली ने सूर्यकुमार यादव (69) के साथ मिलकर 104 रन की शानदार साझेदारी की और भारत को मैच में वापसी दिलाई।

अब, कोहली के टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय प्रारूप में 16,004 रन हैं। ये रन सफेद गेंद वाले क्रिकेट में 369 मैचों की 352 पारियों में 55.95 की औसत से आए हैं। उनके नाम सफेद गेंद क्रिकेट में 44 शतक और 97 अर्धशतक हैं। उन्होंने 262 एकदिनी में 57.68 की




औसत से 12,344 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 43 शतक और 64 अर्धशतक आए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर 183 रन है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में, उन्होंने 107 मैचों में 50.83 की औसत से 3,660 रन बनाए हैं। कोहली ने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 33 अर्धशतक बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 122 रन है।

सफेद गेंद क्रिकेट में 16,000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर हैं।

तेंदुलकर ने कुल 463 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 44.83 की औसत से 18,426 रन बनाए। उनके बल्ले से 49 शतक और 96 अर्धशतक आए, जिसमें सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 200 है। सचिन ने देश के लिए केवल एक ही टी-20 खेला है और उसमें वह केवल 10 रन बना पाए हैं।

# यौन उत्पीड़न के आरोपी नेपाली क्रिकेटर संदीप लामिछाने ने कहा-जल्द लौटेंगे स्वदेश

**काठमांडू।** यौन उत्पीड़न के आरोपी नेपाल क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने ने दोहराया है कि वह जल्द ही अपने देश लौट आएंगे, जबकि नेपाल पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने के लिए इंटरपोल वारंट जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नाबालिग द्वारा यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किए जाने के बाद से पूर्व राष्ट्रीय क्रिकेटर ने दूसरी बार फेसबुक पर लिखा कि वह उचित समय पर नेपाल वापस लौटेंगे। काठमांडू जिला न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए 19 दिन हो चुके हैं।

संदीप ने फेसबुक पर लिखा, 16 साल की उम्र में राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में शामिल होना मेरा सौभाग्य है। यह कुछ ऐसा नहीं था जिसे मेरी थोड़ी सी मेहनत से कमाया जा सकता था। मैं हमेशा विश्व क्रिकेट में नेपाल का नाम ऊंचा रखने की इच्छा के साथ आगे बढ़ा हूं। मुझे अपनी मेहनत से नेपाल का नाम रौशन करने में गर्व महसूस हो रहा है।

इसके अलावा, लामिछाने ने दावा किया, मुझे अपने खिलाफ दर्ज शिकायत और बलात्कार के झूठे आरोप के बारे में पता चला। इससे न केवल मेरे मानसिक स्वास्थ्य बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित किया गया है। अपने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, इन सभी चीजों ने मुझे एक तरफ मानसिक रूप से प्रभावित किया और दूसरी तरफ,



मुझे शारीरिक बीमारी से गुजरना पड़ा। इसलिए, मैंने फैसला किया कुछ समय के लिए खुद को आइसोलेशन में रखूंगा।

हालांकि, लामिछाने हाल ही में पुलिस और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल दोनों के संपर्क में नहीं है। उन्होंने कहा है कि उनके नाम से जारी वारंट और उनके खिलाफ सार्वजनिक हुई शिकायत ने उन्हें मानसिक रूप से थका दिया था। उन्होंने कहा, मैं झूठे आरोपों के आधार पर एक अपराधी के चित्रण से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित हुआ हूं, मुझे डॉक्टरों की सलाह से वापस सामान्य स्थिति में लाया गया है और मेरे स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है और मैं जल्द से जल्द नेपाल लौटने की योजना बना रहा हूं। मेरे खिलाफ झूठी शिकायत की गई है। बता दें कि 17 वर्षीय एक लड़की ने लामिछाने पर 21 अगस्त को पूरे दिन काठमांडू और भक्तपुर में विभिन्न स्थानों पर ले जाने और काठमांडू के सिनामंगल के एक होटल में उसी रात यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। स्पिन गेंदबाज लामिछाने ने 30 एकदिवसीय और 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में नेपाल का प्रतिनिधित्व किया है और दोनों प्रारूपों में क्रमशः 69 और 85 विकेट लिए हैं।

# विदेश संदेश

## हिजाब विरोधी आंदोलन में 41 की मौत, 1200 से ज्यादा गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान में हिजाब विरोधी आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। हिजाब का विरोध करने पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गयी महसा अमिनी की मौत के बाद शुरू हुए आंदोलन में अब तक 41 लोगों की जान जा चुकी है। इस दौरान 1200 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किये गए हैं।

हिजाब विरोधी इस आंदोलन को दो सप्ताह होने वाले हैं। बीती 13 सितंबर को तेहरान मेट्रोल स्टेशन से निकलते वक्त महसा अमिनी सहित कुछ महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया था, क्योंकि इन लोगों ने हिजाब कानून को ठुकराकर हिजाब पहनने से इनकार कर दिया था। आरोप है कि पुलिस ने महसा अमिनी के साथ मारपीट की, जिस कारण पुलिस हिरासत में महसा की मौत हो गयी। महसा अमिनी की मौत के बाद ईरान में हिजाब विरोधी आंदोलन तेज हो गया। कुछ महिलाओं ने सार्वजनिक रूप से



अपने बाल काटे तो तमाम ने अपने हिजाब जला दिये। पहले तो यह विरोध ईरान के कुर्द आबादी वाले इलाकों तक सीमित था, किन्तु अब यह देश के 31 प्रांतों के 80 से अधिक शहरों में पहुंच चुका है। पूरे देश में चल रहे प्रदर्शनों के दौरान लगातार हिंसा हो रही है। इस हिंसा में 41 लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस भी देश भर से 1200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**भाई की कब्र पर बहन ने काटे बाल**

ईरान में हिंसा के बाद विरोध में महिलाओं द्वार बाल काटने का सिलसिला नहीं थम रहा है। हिंसा में मारे गए ईरानी नागरिक जवाद हैदरी की बहन ने भाई की कब्र पर अपने सिर के बाल काट कर ईरान सरकार की हिजाब नीति का विरोध किया। जावेद हैदरी को दफनाए जाने का एक वीडियो

> *आरोप है कि पुलिस ने महसा अमिनी के साथ मारपीट की, जिस कारण पुलिस हिरासत में महसा की मौत हो गयी।*

तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में हैदरी की मौत से दुखी महिलाएं उसकी कब्र पर फूल चढ़ाती दिख रही हैं। वहीं, हैदरी की बहन फूलों से ढकी कब्र के ऊपर विलाप करती हुई अपने बालों को चढ़ाती है, उसके पीछे शोकाकुल महिलाएं खड़ी हैं।

**फ्रांस में प्रदर्शन, लंदन में गिरफ्तारी**

ईरान में हिजाब की अनिवार्यता पर दुनिया भर में विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। फ्रांस की राजधानी पेरिस में हिजाब की अनिवार्यता के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शन उग्र हो गया और पुलिस व प्रदर्शनकारियों की बीच झड़प हो गयी। पेरिस स्थित ईरान दूतावास की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का प्रयोग किया। बाद में दंगा विरोधी बल तैनात कर स्थिति नियंत्रित की गयी। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भारी संख्या में लोगों ने ईरान की हिजाब नीति के विरोध में प्रदर्शन किया। उग्र लोगों ने ईरानी दूतावास पर धावा बोल दिया। इनमें से कई लोगों को ब्रिटिश पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इटली को मिलेगी पहली महिला प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी

**मेलोनी के नेतृत्व में लड़े गए चुनाव में दक्षिणपंथी गठबंधन को मिला स्पष्ट बहुमत**

**रोम।** जार्जिया मेलोनी इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी। हाल ही में इटली में जार्जिया मेलोनी के नेतृत्व में चुनाव लड़े दक्षिणपंथी गठबंधन को संसद में स्पष्ट बहुमत मिला है। जार्जिया को दुनिया भर के नेताओं से बधाई भी मिलने लगी है।

इटली की संसद के लिए हुए चुनाव में जार्जिया मेलोनी के गठबंधन को 44 प्रतिशत के आसपास वोट मिलने के साथ ही उनका प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। उनकी पार्टी को 2018 के चुनावों में सिर्फ 4.5 प्रतिशत वोट मिले थे। चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इटली को पहली महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही है। ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी की नेता जार्जिया मेलोनी की जीत को इटली की विपक्षी पार्टियों के नेता स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। विपक्षी नेता डेबोरा सेराचियानी ने कहा कि जार्जिया को संसद में भले ही बहुमत मिल गया हो, देश ने उन्हें नहीं स्वीकारा है।

प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने से पहले ही जार्जिया को दुनियाभर के नेताओं की ओर से बधाई मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। फ्रांस की धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय रैली पार्टी के नेता मरीन ले पेन ने ट्वीट कर कहा कि इटली के लोगों ने एक देशभक्त और संप्रभुतावादी सरकार चुनने का फैसला किया है।



जार्जिया मेलोनी को इस चुनौती को जीतकर एक अलोकतांत्रिक और अहंकारी यूरोपीय संघ के खतरों का विरोध करने के लिए बधाई।

हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन के राजनीतिक निदेशक बालाज़्स ओर्बन ने ट्वीट कर चुनाव परिणामों के लिए जार्जिया मेलोनी को बधाई दी। उन्होंने इटली के प्रति अपनी मित्रता दिखाते हुए कहा कि इस कठिन समय में हमें पहले से कहीं अधिक ऐसे मित्रों की आवश्यकता है जो यूरोप की चुनौतियों के प्रति समान दृष्टिकोण और विचार साझा करते हैं। स्पेन के नेता सैंटियागो अबस्कल ने जार्जिया को जीत की बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने लोगों की सुरक्षा और समृद्धि के लिए और एक संप्रभु राष्ट्र के गर्व के लिए रास्ता दिखाया है। साथ ही पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविएकी ने भी जार्जिया को इस शानदार जीत की बधाई दी।

## माओइस्ट सेंटर में बगावत, चुनाव से पहले सत्ताधारी गठबंधन की बढ़ी मुश्किल!

**काठमांडू।** आम चुनाव के लिए टिकट बंटवारे से पहले ही नेपाल के सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दूसरे सबसे बड़े दल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) में बगावत हो गई है। धनकुटा में 150 से अधिक जिला स्तरीय नेताओं ने पार्टी से सामूहिक इस्तीफे के एलान किया है। उन्होंने ये कदम दूसरे दलों से गठबंधन बनाने के पार्टी नेतृत्व के फैसले के विरोध में किया है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक ये घटना माओइस्ट सेंटर में सुलग रहे विरोध की सिर्फ एक मिसाल है। संकेत हैं कि ऐसी बगावत दूसरी जगहों पर भी हो सकती है। लेकिन पार्टी नेतृत्व से जुड़े सूत्रों ने इस कदम को टिकट के लिए पार्टी नेतृत्व पर दबाव डालने की एक चाल बताया है।

इस्तीफा देने वाले सदस्यों में पार्टी की पोलित ब्यूरो के सदस्य हेमराज भंडारी शामिल हैं। उन्होंने कहा- 'अस्वाभाविक चुनावी गठबंधन पर विरोध जताने के लिए मैंने अपना इस्तीफा दो हफ्ते पहले ही पार्टी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल को भेज दिया था। हालांकि दहल ने मुझसे ये बात सार्वजनिक ना करने को कहा था, लेकिन मैंने उन्हें बताया था कि अपने जिले के नेताओं और कार्यकर्ताओं से राय-मशविरे के बाद मैं ऐसा कर दूंगा।' पार्टी छोड़ने वाले गुट ने भंडारी को संघीय संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के लिए धनकुटा सीट से उम्मीदवार बनाने का एलान किया है। माओइस्ट सेंटर नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले सत्ताधारी गठबंधन में शामिल है। इसमें तीन और पार्टियां- कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड सोशलिस्ट), जनता समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जन मोर्चा भी शामिल हैं। मई में हुए स्थानीय चुनावों में भी ये पार्टियां गठबंधन के रूप में मैदान में उतरी थीं। अब उन्होंने 20 नवंबर को होने वाले आम चुनाव के लिए गठबंधन जारी रखने का फैसला किया है। हेमराज भंडारी को दो टूक बात करने वाला नेता समझा जाता है। पूर्वी नेपाल के वे लोकप्रिय नेता माने जाते हैं। धनकुटा जिले की लगभग पूरी पार्टी इकाई ने उनके साथ जाने का फैसला किया है। आम अनुमान है कि इससे पूर्वी नेपाल में माओइस्ट सेंटर और सत्ताधारी गठबंधन को भारी नुकसान होगा।

## पाकिस्तान को 6.65 करोड़ डॉलर की अमेरिकी सहायता, दोनों देशों को बताया 'एक'

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान को अमेरिका से 6.65 करोड़ डॉलर की अमेरिकी सहायता का एलान हुआ है। अमेरिका व पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की मुलाकात में इस घोषणा के साथ दोनों देशों को 'एक' बताया गया। ब्लिंकन ने पाकिस्तान में आई विनाशकारी बाढ़ से हुई तबाही और जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के बीच अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में मुलाकात हुई। इस दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने अमेरिका की ओर से पाकिस्तान को बाढ़ राहत के लिए घोषित 5.65 करोड़ डॉलर की आर्थिक सहायता के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा सहायता के मद में एक करोड़ डॉलर अतिरिक्त सहायता देने का ऐलान किया। ब्लिंकन ने पाकिस्तान में आई विनाशकारी बाढ़ से हुई तबाही और जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया। इस मुलाकात के बाद अमेरिकी विदेश विभाग की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अमेरिकी विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के लोगों के लिए अमेरिकी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने खाद्य सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, क्षेत्रीय स्थिरता और अफगानिस्तान पर साझेदारी पर भी चर्चा की। ब्लिंकन व बिलावल ने अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्तों के 75 साल पूरे होने पर दोनों देशों के रिश्तों के विविध आयामों पर भी चर्चा की।

## भारत-बांग्लादेश के बीच रेल संपर्क बढ़ने से लाभान्वित होगा दक्षिण पूर्व एशिया : नूरुल इस्लाम सुजान

**ढाका।** बांग्लादेश के रेल मंत्री नुरुल इस्लाम सुजान ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच रेल संपर्क बढ़ने से दोनों देशों के साथ-साथ पूरे दक्षिण पूर्व एशिया को लाभ होगा। उन्होंने भारत और बांग्लादेश के बीच वीजा मुक्त यात्रा शुरू करने की भी वकालत की। बांग्लादेश के रेल मंत्री नुरुल इस्लाम सुजान ने बहुभाषी न्यूज एजेंसी से विशेष बातचीत में कहा कि अगर भारत और बांग्लादेश के बीच वीजा मुक्त यात्रा शुरू हो जाती है, तो दोनों देशों के लोगों के बीच आत्मीय संबंध और



मजबूत होंगे। उन्होने दावा किया कि भारत और बांग्लादेश के बीच रेल संपर्क बढ़ने से दोनों देशों के साथ-साथ पूरे दक्षिण पूर्व एशिया को लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हाल ही में भारत का दौरा किया है। इस दौरान भारत और बांग्लादेश के बीच रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। शेख हसीना के भारत दौरे के दौरान नुरुल इस्लाम सुजान भी उनके साथ थे।

## रूस के स्कूल में फायरिंग: 7 स्टूडेंट्स समेत 13 की मौत, 20 घायल; मारे गए बच्चों की उम्र 11 साल से कम

**मास्को।** रूस के इझेवस्क शहर के एक स्कूल में एक बंदूकधारी ने फायरिंग की। घटना में 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 घायल हैं। मारे गए लोगों में 7 स्टूडेंट्स हैं। इन सभी की उम्र 11 से कम बताई गई है। इसके अलावा दो स्कूल टीचर और दो सिक्योरिटी गार्ड्स भी मारे गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इझेवस्क शहर रूस की राजधानी मॉस्को से 960 किलोमीटर दूर है और यह उदमुर्तिया रीजन का हिस्सा है। इस इलाके को इंडस्ट्रियल हब के रूप में ज्यादा जाना जाता है। इस शहर की आबादी 6 लाख 40 हजार है।



**गवर्नर ने पुष्टि की**

उदमुर्तिया के गवर्नर एलेक्जेंडर ब्रेचलोव के मुताबिक, यह घटना स्कूल शुरू होने के ठीक बाद हुई। एक अनजान शख्स गन लेकर स्कूल में घुसा। माना जा रहा है कि वो बाउंड्री वॉल फांदकर स्कूल में पहुंचा और इसी वजह से गार्ड्स की नजरों से बच गया। इस शख्स ने घुसते ही क्लास में जा रहे बच्चों पर फायरिंग करनी शुरू की। इस दौरान स्कूल में भगदड़ मच गई। जब हथियारबंद सिक्योरिटी गार्ड्स ने इस हमलावर को घेर लिया तो उसने खुद की कनपटी पर भी गोली मार ली। उसकी मौत हो चुकी है।

**इलाका सील**

मौके पर पहुंची पुलिस ने इझेवस्क शहर के स्कूल वाले हिस्से को घेर लिया है। पुलिस को शक है कि हमलावर अकेला नहीं था, उसके साथ कोई और भी हो सकता है। इलाके के हर घर की तलाशी ली जा रही है।

अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि हमलावर कौन था और उसका मकसद क्या था। फिलहाल, बच्चों को स्कूल से पुलिस सिक्योरिटी में घर भेजा जा रहा है। 20 लोग घायल हैं, इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स और टीचर्स हैं। इनमें से 6 की हालत गंभीर बताई गई है। गवर्नर के मुताबिक, हमलावर की कुछ देर पहले मौत हो गई है। एक स्पेशल टीम मामले की जांच कर रही है।

## नेपाल के माउंट मानसलू में एवलांच: 2 पर्वतारोहियों की मौत, 12 घायल

### ताजा बर्फबारी के चलते रूट पर फिसलन बहुत ज्यादा थी

**काठमांडू।** नेपाल के माउंट मानसलू में एवलांच की चपेट में आने से 2 पर्वतारोहियों की मौत हो गई है, जबकि 12 पर्वतारोही घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दो लोगों की हालात गंभीर है। हेलिकॉप्टर के जरिए इलाके में रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हालांकि, खराब मौसम की वजह से रेस्क्यू में दिक्कतें हो रही है। एवलांच सोमवार दोपहर 12 बजे आया।

यह एवलांच कैंप IV के ठीक नीचे के रूट पर आया। तब पर्वतारोहियों के लिए उनके साथी कैंप में रसद ले जा रहे थे। यहां एवरेस्ट की चढ़ाई कर रहे लोगों का बेस कैंप है। इसकी समुद्र तल से ऊंचाई 8,163 मीटर है।



शुक्रवार तक नेपाल सरकार ने 58 अलग-अलग टीमों के 506 पर्वतारोहियों को चढ़ाई की इजाजत दी थी। हालांकि बर्फबारी की वजह से रास्ते खराब हो गए। काफी नई बर्फ रास्तों पर जम गई। इसकी वजह से फिसलन काफी बढ़ जाती है। पुरानी बर्फ में इस तरह का खतरा कुछ कम होता है।

**इन टीमों के पर्वातारोही घायल हुए**

इमेजिन नेपाल ट्रेक्स के दावा शेरपा ने बताया कि उनके दल में शामिल 5 लोगों को चोटें आई हैं, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। सटोरी एडवेंचर्स के ऋषि भंडारी ने बताया कि उनकी टीम के 3 सदस्य घायल हुए हैं। एक की हालत गंभीर है।

वहीं, 8K एक्पेडिशन के पेंबा शेरपा ने बताया कि भारतीय पर्वतारोही बलजीत कौर और उनके गाइड को मामूली चोटें आई है, वे सुरक्षित हैं। सेवन समिट ट्रेक्स के थानेश्वर गुरगई ने बताया कि उनकी टीम में शामिल दो पर्वतारोहियों को मामूली चोटें आई हैं।

## विदेश मंत्री जयशंकर बोले- यूएस-पाक का रिश्ता किसी काम का नहीं, एफ-16 विमानों के लिए मदद पैकेज पर कही ये बात

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करने के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर अभी अमेरिका में ही हैं। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों पर दो टूक अपनी बात रखी। पाकिस्तान अमेरिका संबंधों को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि यह एक ऐसा रिश्ता है, जिसने न तो पाकिस्तान की अच्छी तरह से सेवा की है और न ही अमेरिकी हितों की सेवा की है। इसलिए अमेरिका को इस पर विचार करना है कि इस रिश्ते से क्या लाभ है और इससे उन्हें क्या हासिल होना है। हाल ही में अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16



विमानों के बेड़े के लिए 45 करोड़ डॉलर के मेंटनेंस पैकेज को मंजूरी दी है। कार्यक्रम में इसको लेकर जब जयशंकर से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जब आप एफ-16 जैसे विमानों की बात कर रहे हैं तो कहने के लिए यह आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए हैं..लेकिन यह कहकर आप किसी को बेवकूफ नहीं बना सकते हैं। हमें लगता है कि देश अपने हित के आधार पर अपनी पसंद बनाते हैं।

## जेट एयरवेज उड़ान भरने को तैयार, कंपनी जल्द शुरू करेगी परिचालन

**नई दिल्ली/मुंबई।** निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी जेट एयरवेज फिर से उड़ान भरने की तैयारी में है। इसके लिए विमानों को पट्टे पर लेने के लिए विमान विनिमार्ताओं और पट्टेदारों के साथ बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आने वाले हफ्तों में जेट एयरवेज का परिचालन फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

एयरलाइन के अधिकारियों के मुताबिक जेट एयरवेज का परिचालन इस साल के अंत से पहले शुरू हो जाएगा। एयरलाइन कंपनी शुरूआती बेड़े की योजना को अंतिम रूप देने के करीब है।

इससे पहले जेट एयरलाइन ने कहा था कि वह अक्टूबर में परिचालन शुरू करने की योजना बना रही है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पाकिस्तान में सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो मेजर सहित छह जवानों की मौत

### सेना की ओर से दुर्घटना के कारणों की जानकारी नहीं दी गयी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हेलीकॉप्टर में सवार पाकिस्तानी सेना के दो मेजर सहित छह जवानों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। पाकिस्तानी सेना ने भी इन सभी छह लोगों की मौत होने की पुष्टि की है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान के हरनाई जिले के खोस्त शहर में देर रात पाकिस्तानी सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर पर पाकिस्तानी सेना के दो मेजर (ये दोनों पायलट भी थे) सहित छह लोग सवार थे। पाकिस्तानी सेना की मीडिया एफेयर्स विंग ने जानकारी दी कि दोनों पायलटों सहित हेलीकॉप्टर पर सवार सभी छह लोगों की मृत्यु हो गयी। सेना की ओर से दुर्घटना




के कारणों की जानकारी नहीं दी गयी है। हादसे में मरने वाले लोगों में 39 वर्षीय मेजर खुर्रम शहजाद और 30 साल के मेजर मुहम्मद मुनीब अफजल शामिल हैं। इनके अलावा 44 वर्षीय सूबेदार अब्दुल वाहिद, 27 वर्षीय सिपाही मुहम्मद इमरान खान, 30 वर्षीय नायक जलील और 35 वर्षीय सिपाही शोएब मृतकों में शामिल हैं। इससे पहले अगस्त में भी

> **पाकिस्तानी सेना की मीडिया एफेयर्स विंग ने जानकारी दी कि दोनों पायलटों सहित हेलीकॉप्टर पर सवार सभी छह लोगों की मृत्यु हो गयी।**

पाकिस्तानी सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में भी सेना के छह जवानों की मौत हुई थी। उड़ान भरते-भरते यह हेलीकॉप्टर अचानक लापता हो गया था।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में भूटान, नेपाल ने जताया भारत का आभार

**-कोविड-19 के टीकों की आपूर्ति को बताया महत्वपूर्ण कदम**

**संयुक्त राष्ट्र।** कोरोना काल में भारत ने दुनिया भर के कई देशों को कोविड-19 टीकों की मदद भेजी थी। अब दुनिया भर के मुल्क भारत के इस फैसले की सराहना करते नहीं थक रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भूटान और नेपाल ने कोविड-19 टीकों की आपूर्ति के लिए आभार




व्यक्त किया है। भूटान और नेपाल ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने भारत सरकार के 'वैक्सीन मैत्री' पहल के तहत कोविड-19 टीकों की आपूर्ति में महत्वपूर्ण समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि भारत की वैक्सीन मैत्री पहल के तहत पड़ोसी देशों को अपनी आबादी का टीकाकरण करने में काफी मदद मिली है।